
सहरसा में निगम सफाईकर्मी की गोली मारकर की हत्या 2



गांधी मैदान में सामूहिक रूप से अदा की गई ईद की नमाज 3



राजस्थान का प्रमुख लोक पर्व है गणगौर 4





पहली खबर, सबपे नजर

# अमृतवर्षा

पटना

वर्ष - 38

अंक - 86

शुक्रवार, 12 अप्रैल 2024

रजि. नं. पी टी. - 405

पेज - 08

मूल्य - 2.00

website:- www.amritvarshanews.in/e-mail:- amritvarshanews2015@gmail.com

पटना, धनबाद व नई दिल्ली से प्रकाशित

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा के महेंद्रगढ़ में स्कूल बस पलटी, 6 बच्चों की मौत

**हरियाणा।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ में एक भीषण हादसा हुआ, जिसमें 6 बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई है। यहां गुरुवार सुबह एक स्कूल बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में करीब 35 से 40 बच्चे सवार थे। हादसे के बाद इनमें से 6 बच्चों की हालत गंभीर थी, जिन्हें नजदीकी अस्पताल भेजा गया, लेकिन 5 बच्चों की तब तक मौत हो चुकी थी। इन 6 बच्चों में से एक गंभीर रूप से घायल था, जिसे इलाज के दौरान वेंटिलेटर पर रखा गया। हालांकि, कुछ देर बाद 6वें बच्चे ने भी दम तोड़ दिया। कनीना कस्बे में हुआ है। हादसे का शिकार होने वाली बस एक निजी स्कूल की है। हादसे में करीब 15 बच्चे घायल हुए हैं। हादसा कनीबा कस्बे के नजदीक कनीना-दादरी सड़क मार्ग पर हुआ है।

### पुलवामा में मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी मारा गया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में बृहस्पतिवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। जम्मू कश्मीर में पिछले तीन महीने से अधिक समय में यह आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच पहली मुठभेड़ थी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने जिले के राजपुरा इलाके के फ्रेसीपुरा गांव में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। उन्होंने बताया कि मारे गये आतंकवादी की पहचान श्रीनगर निवासी दानिश शेख के रूप में की गई है। वह प्रतिबंधित संगठन द रजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) से जुड़ा था जो लश्कर-ए-तैयबा की शाखा है। पुलिस ने कहा कि मुठभेड़ स्थल से हथियार, गोला-बारूद और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। उसने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### लिंडी कैमरून होंगी भारत में ब्रिटेन की नयी उच्चायुक्त

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन ने लिंडी कैमरून को भारत में अपना नया उच्चायुक्त नियुक्त किया है। कैमरून निवर्तमान एलेक्स एलिस का स्थान लेंगी। भारत में ब्रिटेन के दूतावास ने गुरुवार को जारी अपने एक बयान में कहा है कि लिंडी कैमरून को एलेक्स एलिस के उत्तराधिकारी के रूप में भारत गणराज्य में ब्रिटेन का उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। एलिस को कोई अन्य राजनयिक जिम्मेदारी दी जाएगी। नई दिल्ली में ब्रिटिश उच्चायोग द्वारा जारी बयान के मुताबिक कैमरून इस महीने अपना कार्यभार संभालेंगी। कैमरून 2020 से ब्रिटेन के राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा केंद्र की मुख्य कार्यकारी के रूप में कार्यरत हैं। वह ब्रिटेन के उत्तरी आयरलैंड कार्यालय के महानिदेशक के रूप में भी कार्यरत थीं।

### मंदिर गिराकर जमीनों पर कब्जा किया; रामनवमी की शोभायात्रा पर पत्थर बरसाए, मोदी बोले

# कांग्रेस का इतिहास ही नहीं, इरादे भी खतरनाक

करौली, एजेंसी



लोकसभा चुनाव के रण में उतरी बीजेपी की जमीनी स्थिति को मजबूत करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं। इसके तहत राजस्थान में गुरुवार को करौली में विजय शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस सहित विपक्षी गठबंधन के दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोदी कहता है कि भ्रष्टाचार हटाओ, दूसरे लोग कहते हैं कि भ्रष्टाचारियों को बचाओ। उन्होंने कहा कि सभी कान खोलकर सुन लें भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा।

**भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई:** जनसभा में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश में भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई हो रही है, इसलिए इंडी अलायंस के लोग एकजुट हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी सुन लें मोदी को कितनी भी धमकी दे दें, भ्रष्टाचारियों को जेल जाना पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है।

**मोदी आराम करने के लिए पैदा नहीं हुआ:** जनसभा में पीएम मोदी ने कहा कि मोदी आराम करने के लिए और मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है। मोदी मेहनत करता है, क्योंकि मोदी के लक्ष्य बहुत बड़े हैं। ऐसे लक्ष्य जो केवल देशवासियों से जुड़े हैं, उनके बच्चों और आने वाली पीढ़ियों से जुड़े हैं।

**खड़ी कर दी थी पेपर लीक माफिया इंडस्ट्री:** पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ऐसी पार्टी है, जो युवकों की नौकरी में भी मौके तलाशती है। कांग्रेस सरकार के दौरान यहां पेपर लीक माफिया इंडस्ट्री खड़ी कर दी। बीजेपी की सरकार आने के बाद ऐसे माफिया जेल जाएंगे, इसकी गारंटी दी थी।

**कांग्रेस ने तुष्टिकरण का गंदा खेल खेला:** पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तल्ख हमला बोलते हुए कहा कि 60 साल सत्ता संभालने वाले कांग्रेस के पापों की लिस्ट लंबी है। कांग्रेस ने राजस्थान में वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण का गंदा खेल खेला। ये वो धरती है जो मदन मोहन की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान देने के लिए तैयार हो गई थी। तुष्टिकरण की राजनीति में यहां रामनवमी के जुलूस में पत्थर बरसाए जाते थे। उन्होंने कहा कि जिस धौलपुर से राम मंदिर के लिए पत्थर भेजे, उसी राम मंदिर के लिए कांग्रेस वाले कैसी-कैसी भाषा बोल रहे हैं। इनकी साथी पार्टी सनातन को नष्ट करने की बात करती है।

**टुकड़े-टुकड़े गैंग के पीछे कांग्रेस खड़ी होती है:** पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के शहजादे विदेश में जाकर कहते हैं कि भारत कोई राष्ट्र नहीं है। उन्होंने कहा कि टुकड़े-टुकड़े गैंग के पीछे सबसे पहले कांग्रेस खड़ी हो जाती है। उन्होंने कहा कि भारत ने जब सर्जिकल स्ट्राइक की थी, तो कांग्रेस वाले सबूत मांग रहे थे, ये सेना के शौर्य का सबूत मांगते हैं।

**कश्मीर का राजस्थान से वास्ता है:** पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजस्थान में आकर कहते हैं कि कश्मीर से धारा 370 हट गया तो इसका राजस्थान से क्या वास्ता है। पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान से वास्ता है। राजस्थान से कश्मीर का क्या वास्ता है ये जानने के लिए राजस्थान के वीरों के घर जाकर पूछो, उनके गांव की मिट्टी बताएगी कि उनका कश्मीर से क्या वास्ता है। अनेक वीरों ने वहां बलिदान दिया है, इस मिट्टी की समाधियां बताएंगी कि राजस्थान से कश्मीर का क्या वास्ता है?।

**कच्चीतिवू का उठाया मुद्दा:** पीएम ने जनसभा के दौरान श्रीलंका को दिए गए कच्चीतिवू टापू का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि इस कुकृत्य को कांग्रेस के बड़े नेता जायज ठहराते हैं, वे कहते हैं कि क्या वहां कोई रहता है ?। पीएम मोदी ने सवाल करते हुए कहा कि वहां कोई रहता नहीं है, तो क्या उसे दे देंगे, ये इनकी मानसिकता है। उन्होंने कहा कि इनके लिए देश का खाली हिस्सा केवल जमीन का टुकड़ा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेसी राजस्थान की सीमावर्ती खाली जमीन को किसी को भी दे सकते हैं।

**कांग्रेस जनता की मजबूरियों में मुनाफा ढूंढ़ती है:** पीएम मोदी ने जनसभा में कहा कि जो लोग हमारा घोर विरोध करते हैं ये परिवारवाद और भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस जनता की मजबूरियों में मुनाफा ढूंढती है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्थान में पानी का संकट बढ़ाने वाली कांग्रेस ही है।

### नेशनल टेस्टिंग एजेंसी का बड़ा फैसला!

# सीयूइटी यूजी में 13 विषयों की परीक्षा होगी ऑफलाइन

**पटना, अमृतवर्षा सं.**

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने सीयूइटी 2024 में 13 विषयों की परीक्षा पहली बार पेन-पेपर मोड में लेने का निर्णय लिया है। इसके लिए एनटीए ने तैयारी काफी जोर-शोर से शुरू कर दी है। इन सभी 13 विषयों की परीक्षा एक शिफ्ट में ही होगी। एनटीए के पास इकोनॉमिक्स, बिजनेस इकोनॉमिक्स, अकाउंटेंसी, बुक कीपिंग, बायोलॉजी, बायोटेक्नोलाजी, बिजनेस स्टडीज, केमिस्ट्री, कंप्यूटर साइंस, इंग्लिश, जनरल टेस्ट, हिंदी, हिस्ट्री, मैथ्स, फिजिक्स, पालिटिकल साइंस विषय में एक लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।



**13 लाख से ज्यादा छात्रों ने किया रजिस्ट्रेशन:** अन्य विषयों की परीक्षा पहले की तरह ऑनलाइन होगी। सीयूइटी यूजी 2024 के लिए कुल 13 लाख 47 हजार छात्रों ने पंजीयन कराया है। एनटीए के पास सीयूइटी यूजी 2024 में 62 विषयों में कुल 13,47,618 यूनिक सफल रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुआ है। इनमें 7,17,11 लड़के और 6,30,500 लड़कियां हैं। इसके अलावा सात ट्रांसजेंडर भी हैं। कुल 57 लाख 69 हजार 211 छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन भरा था। हर उम्मीदवार को छह-छह विषयों में पंजीयन करना था, इसलिए यह संख्या ज्यादा दिख रही है। यह परीक्षा 15 से 31 मई तक होनी है। एनटीए पेन-पेपर आधारित परीक्षा पर फैसला लेने के साथ जल्द डेटशीट भी जारी करेगी।

# केजरीवाल की याचिका पर 15 को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** आबकारी घोटाले में जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई कर सकता है। केजरीवाल ने मनी लांड्रिंग मामले में ईडी की गिरफ्तारी को वैध ठहराने वाले दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। वेबसाइट पर केजरीवाल की याचिका का स्टेटस देखने पर कंप्यूटर में मामले पर सुनवाई की संभावित तिथि 15 अप्रैल यानी आगामी सोमवार की दिख रही है। ऐसे में संभावना है कि मामले पर सोमवार को सुनवाई हो। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट बुधवार के बाद से चार दिन के लिए बंद है और यह सोमवार को ही खुलेगा। अभी तक सोमवार की सुप्रीम कोर्ट की लिस्ट नहीं आई है। दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को केजरीवाल की गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताने वाली याचिका खारिज कर दी थी और गिरफ्तारी को वैध ठहराया था। हाई कोर्ट ने केजरीवाल की यह दलील भी खारिज कर दी थी कि राजनीतिक विद्वेष के चलते उन्हें चुनाव के दौरान गिरफ्तार किया गया है।

# तीसरे चरण में बिहार की 5 सीटों के लिए आज जारी होगी अधिसूचना, 7 मई को मतदान

पटना, अमृतवर्षा सं.



बहार में तीसरे चरण के चुनाव को लेकर शुक्रवार को अधिसूचना जारी की जाएगी और इसके साथ ही 5 संसदीय क्षेत्रों में नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस चरण में झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा व खगड़िया संसदीय क्षेत्रों में नामांकन शुरू होगा। इन क्षेत्रों में 19 अप्रैल तक नामांकन दाखिल किया जाएगा। 20 अप्रैल को सभी नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 22 अप्रैल तक नामांकन पत्र वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। तीसरे चरण के चुनाव क्षेत्रों में 7 मई को मतदान होगा। जबकि, सभी वोटों की गिनती अन्य चुनाव क्षेत्रों के साथ ही 4 जून को होगा और चुनाव परिणाम उसी दिन जारी कर दिए जाएंगे।

निर्वाचन विभाग के अनुसार तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव को लेकर ईवीएम एवं वीवीपैट का पहला रैंडमाइजेशन हो चुका है। दूसरा रैंडमाइजेशन मतदान की तिथि के पहले पूरा कर लिया जाएगा। इस चरण के जिलों में नामांकन की प्रक्रिया को लेकर प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपने उम्मीदवार भी घोषित कर दिए है।

# छत्तीसगढ़ में एक लाख के इनामी समेत दो नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने एक इनामी नक्सली समेत दो नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुड़गीचेरू और गुंडम गांव के मध्य जंगल से सुरक्षाबलों ने दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संघ के अध्यक्ष हेमला हुंगा (41) और पूनेम बुधरू (40) को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि नक्सली हुंगा के सिर पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत तर्रेम थाना से जिला पुलिस बल और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के संयुक्त दल को गस्त पर रवाना किया गया था। बुड़गीचेरू और गुंडम गांव के मध्य सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर दोनों नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए नक्सली 19 अप्रैल 2022 को पेगड़ापल्ली गांव के जंगलों में पुलिस दल पर गोलीबारी करने और विस्फोट करने की घटना में शामिल थे।

### आतंकवाद पर राजनाथ ने पाकिस्तान को फिर दी चेतावनी, कहा

# हम करेंगे सफाए में मदद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को उसकी धरती पर आतंकवाद से निपटने में भारत की ओर से सहायता की पेशकश की है। राजनाथ सिंह ने इस्लामाबाद को आतंकवाद का उपयोग करके भारत को अस्थिर करने की कोशिश करने पर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी और कहा पाकिस्तान को आतंकवाद रोकना चाहिए और अगर वह असमर्थ महसूस करता है, तो भारत आतंकवाद को रोकने के लिए सहयोग करने के लिए तैयार है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एलएसी पर



चीन द्वारा निर्माण और अरुणाचल प्रदेश के कई गांवों का नाम बदलने पर कहा कि एलएसी के उस पार जो उनकी जमीन है उसपर वे कुछ करते हैं, तो मैं इस संबंध में क्या कर सकता हूं। बॉर्डर के पास हमने भी काफी निर्माण किया है...लेकिन दोनों देशों की ओर से शांति स्थापित करने के प्रयास भी होने चाहिए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन मुद्दे पर कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर कहा कि मैं नहीं कहना चाहता कि कांग्रेस के कार्यकाल में क्या हुआ था, कितने हजार वर्ग किलोमीटर जमीन चीन के कब्जे में गई। लेकिन मैं देश की जनता को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के रहते हुए एक इंच जमीन पर भी कोई कब्जा नहीं कर सकता, एक इंच भी जमीन जाने नहीं देंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 1975 के आपातकाल पर कहा कि मुझे आपातकाल के दौरान मेरी मां के अंतिम संस्कार के लिए पैरोल भी नहीं दिया गया।

# शराब घोटाले में के कविता को सीबीआई ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के चर्चित शराब घोटाले में बीआरएस पार्टी की विधायक के कविता की भी मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब सीबीआई ने के कविता को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले के कविता को इसी शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने गिरफ्तार किया था। अब के कविता को सीबीआई के सवालों का भी सामना करना पड़ेगा। अभी तक के कविता ईडी की जांच के तहत प्रवर्तन निदेशालय की जांच का सामना कर रही थीं। के कविता को हैदराबाद में उनके घर से पिछले महीने अरेस्ट किया गया था। बीआरएस की नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता की अंतरिम जमानत याचिका भी राउज एवेन्यू कोर्ट ने खारिज कर दी थी। के कविता ने अपने बेटे की परीक्षा का हवाला देते हुए जमानत की गुहार लगाई थी। पिछले साल 15 मार्च को के कविता को गिरफ्तार किया गया था। बुधवार को सीबीआई ने दिल्ली की अदालत



को बताया कि उन्होंने तिहाड़ जेल में बीआरएस नेता के कविता से पूछताछ की है। दिल्ली की अदालत ने 5 अप्रैल को सीबीआई को इजाजत दी थी कि वो जेल में के कविता से पूछताछ कर सकती है। हालांकि, कविता ने इसे चुनौती दी थी।

के कविता पर आरोप है कि वो इस शराब घोटाले से जुड़े उस साउथ ग्रुप की प्रमुख सदस्य हैं जिसे लेकर जांच एजेंसियों का आरोप है कि इस ग्रुप ने दिल्ली में शराब के लाइसेंस के बदले 100 करोड़ रुपये का घूस दिया था। के कविता ने मंगलवार को जेल से ही एक खत लिखा था और कहा कि केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की जा रही इस जांच से उनकी छवि को नुकसान पहुंचा है और उनकी निजता का भी उल्लंघन हुआ है। बता दें कि आबकारी नीति घोटाले में दिल्ली की आम आदमी पार्टी भी मुश्किलों में घिरी हुई है। अअढ के राष्ट्रीय संजोयक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। इसके अलाव दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया भी इस केस में तिहाड़ जेल की हवा खा रहे हैं। आम आदमी पार्टी दिल्ली में किसी बी तरह के शराब घोटाले से इनकार करती नजर आई है। इधर दिल्ली बीजेपी की तरफ से इसपर प्रतिक्रिया देते हुए कहा गया, 'दिल्ली एक्साइज पॉलिसी केस में सीबीआई ने बीआरएस नेता के. कविता को ईडी की हिरासत से गिरफ्तार कर लिया है।

सीबीआई के इस एक्शन से अब ये साफ हो गया है की बहुत बड़े स्तर पर शराब घोटाला हुआ है और बहुत सारे पुख्ता सबूत भी जांच एजेंसियों के हाथ लग चुके हैं। शराब घोटाले के सरगना केजरीवाल और उनके भ्रष्ट सहयोगियों ने जो जाल फैला रखा था अब वे सब उसी जाल में खुद ही फंस चुके हैं।समय आ गया है, अब हिसाब हो रहा है।'

### ठेका-प्रथा बंद होगी; आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की आय करेंगे दोगुनी, राहुल बोले

# 30 लाख सरकारी नौकरी देंगे, महिलाओं को 50% रिजर्वेशन

**अनूपगढ़\फलौदी, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज राजस्थान के अनूपगढ़ और फलोदी में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आएगी तो हम 30 लाख सरकारी नौकरी युवाओं को देंगे। महिलाओं को सरकारी नौकरी में 50% रिजर्वेशन दिया जाएगा। जो आशा कार्यकर्ता हैं और आंगनबाड़ी में काम करती हैं, उनकी आमदनी दोगुनी कर देंगे। सरकार और पीएसयू में ठेकेदारी प्रथा बंद होगी। लोगों को परमानेंट नौकरी दी जाएगी। राजस्थान के बीकानेर लोकसभा क्षेत्र में गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनावी सभा को संबोधित किया। अनूपगढ़ में आयोजित इस सभा में जनता को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनी तो वो गरीब परिवारों के लिए 8500 रुपये प्रति महीना



दिया जाएगा। इससे गरीबी एक झटके से मिटा देंगे। राहुल ने कहा कि हिंदुस्तान की 200 सबसे बड़ी कंपनियों के मालिक और सीनियर मैनेजमेंट में पिछड़े वर्ग के लोग नहीं हैं। मोदी ने इन कंपनियों के 16 लाख करोड़ रुपए माफ किए हैं। हिंदुस्तान के 25-30 अमीर लोगों का इतना पैसा माफ कर दिया, जितना 24 साल तक मनरेगा के जरिए मजदूरों को मिलता। राहुल गांधी ने कहा कि जितना पैसा मोदी ने अरबपतियों को दिया है, चुनाव जीतने के बाद हम गरीब, पिछड़ों, आदिवासियों, दलितों को देंगे। लोग कहते हैं कि इससे आदत बिगड़ेगी, लेकिन कोई यह बताए कि जब मोदी अमीरों के पैसे माफ करते हैं तो उनकी आदत नहीं बिगड़ती क्या? मेरे दिमाग में 16 लाख करोड़ का नंबर है, मैं उसे देखकर चल रहा हूं। राहुल गांधी ने अनूपगढ़ के बाद फलोदी में भी जनसभा को संबोधित किया। राहुल ने फलोदी में कहा- पिछले 10 साल प्रधानमंत्री ने आपको अलग-अलग वादे किए। डाले नहीं, 15 लाख रुपए निकाल लिए। किसान, मजदूर, युवाओं और छोटे व्यापारियों के लिए कुछ नहीं किया। गोविंद सिंह डोटासरा ने किसान कानूनों और एमएसपी के कानून का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा, आज भी यहां के किसान बॉर्डर पर बैठे हैं और मोदी सरकार से पूछ रहे हैं एमएसपी कहां है। डोटासरा बोले, यह किसानों की धरती है, जो मोदी सरकार को झुकाने और हटाने का दम रखती है। उन्होंने पूछा कि किसान भाइयों आप मोदी सरकार का मोरिया बुलाओगे कि नहीं बुलाओगे। डोटासरा बोले, चुनाव में परिणाम इनते शानदार आएंगे कि राजस्थान में हम बीजेपी से ज्यादा सीट लेकर आएंगे। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने जनता को संबोधित करते हुए नए जिलों का मुद्दा उठाया और कहा, अनूपगढ़ की लंबे समय से जिला बनाए जाने की मांग थी और हमने इसे जिला बना दिया। बोले, हम स्वास्थ्य योजना, 25 लाख का बीमा, पीने के पानी की योजना, बिजली की योजना, सोशल सिक्योरिटी स्कीम, पशुपालकों को पांच रुपये का बोनस, लंपी में गायों का बीमा-सभी वर्गों के लिए शानदार स्कीम लेकर आए। प्रधानमंत्री ने झूठ बोलकर कि यहां दुष्कर्म होते हैं और किसानों की हालत बिगड़ी हुई है। दुष्कर्म तो अब हो रहे हैं और किसानों की हालत बिगड़ी हुई है।

# नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस को बड़ा झटका ईडी की कुर्की को कोर्ट ने सही ठहराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस को बड़ा झडका लगा है। मनी लांड्रिंग मामले में पीएमएलए अदालत ने व्यापक सुनवाई के बाद नेशलन हेराल्ड अखबार को संचालित करने वाली कंपनी एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड और यंग इंडिया के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को सही ठहराया है। दरअसल, ईडी द्वारा एजेएल और यंग इंडिया की 752 करोड़ की संपत्ति को कुर्क करने का आदेश जारी किया था, जिसे अब निर्णायक प्राधिकरण ने सही ठहराते हुए बरकरार रखा है। बता दें कि इस मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी तक से पूछताछ हो चुकी है। यंग इंडिया में राहुल और सोनिया गांधी के 76 फीसदी हिस्सेदारी थी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि उसका मानना है कि ईडी द्वारा कुर्क की गई संपत्ति और इक्विटी शेयर अपराध की कमाई हैं और मनी लांड्रिंग के अपराध से जुड़ी है। केंद्रीय एजेंसी ने पिछले साल नवंबर में एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) और यंग इंडियन के खिलाफ मनी लांड्रिंग के तहत एक कुर्की आदेश जारी करके इन संपत्तियों को कुर्क किया था। नेशनल हेराल्ड एजेएल द्वारा प्रकाशित किया जाता है और इसका स्वामित्व यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के पास है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी यंग इंडियन के बड़े शेयरधारक हैं और उनमें से प्रत्येक के पास 38 प्रतिशत शेयर हैं। बता दें ईडी द्वारा अटैच की गई संपत्तियों की सूची में दिल्ली में नेशनल हेराल्ड हाउस, लखनऊ में नेहरू भवन और मुंबई में नेशनल हेराल्ड हाउस शामिल है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर-रोसड़ा रेलखंड के भगवानपुर देसूआ-अंगारघाट स्टेशन के बीच राजेश्वर ढाला के पास ट्रेन की टक्कर से गुरुवार दोपहर एक युवक की मौत हो गई। मृत युवक की पहचान अंगार घाट थाना क्षेत्र के डढिया असाधर वार्ड नं 5 मोहल्ला के राम उदगार शाह का बेटा मंजय कुमार शाह (22) वर्ष बताया गया है। परिजनों ने बताया कि मंजय दोपहर में रेलवे ट्रैक की ओर शौच करने गया था। वह हेडफोन लगाए हुए था। रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान रोसड़ा की ओर से समस्तीपुर जा रही ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया आ गया।

### अपडेट न्यूज

## भोजपुर में पति ने पत्नी को लाठी-डंडे से जमकर पीटा, मौत

**भोजपुर।** जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के भैरोडीह गांव में घरेलू विवाद को लेकर पति ने अपनी पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। उसके बाद उसे गंभीर अवस्था में चरपोखरी पीएचसी में भर्ती करवाया गया था। जहां इलाज के दौरान बुधवार की रात उसकी पत्नी ने दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान भैरोडीह गांव निवासी सोनू कुमार की पत्नी सपना कुमारी (19) के रूप में हुई है। मृतका के परिजनों ने मृतका के पति पर पीट-पीटकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका के चाचा पिंटू ठाकुर ने बताया कि तरारी थाना क्षेत्र के तरारी गांव निवासी मृतका के पिता और उनके बड़े भाई अशोक ठाकुर ने इसी वर्ष 27 फरवरी को लेनदेन और पूरे हिंदू रीति-रिवाज के साथ अपनी बेटी सपना कुमारी की शादी की थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था। इसी बीच मंगलवार की सुबह सपना कुमारी की सास अनीता देवी और ससुर योगेंद्र ठाकुर के बीच घरेलू विवाद को लेकर झगड़ा हो रहा था। उस दौरान उसके ससुर उसकी सास को गंदी-गंदी गालियां दे रहे थे। तभी सपना ने कहा कि पिताजी आप इस तरह से गाली नहीं दीजिए। घर में आपकी दो जवान बेटियां हैं। इसी बात पर उसके पति ने मच्छरदानी का डंडा निकाल कर उसकी जमकर पिटाई कर दी थी। पिटाई के दौरान उसके दोनों हाथ तोड़ दिए थे, जिसके बाद गांव के कुछ लोग वहां पहुंचे और उसे समझाया-बुझाया। इसके बाद उसका इलाज चरपोखरी पीएचसी में कराया जा रहा था। जहां इलाज के दौरान बुधवार की रात उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

## औरंगाबाद में फाइनेंस कर्मी की सड़क हादसे में मौत

**औरंगाबाद।** जिले में एक बार फिर से तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जहां रोज की तरह काम खत्म कर घर लौट रहे फाइनेंसकर्मी को ट्रक ने पीछे से रौंद दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसा शहर के जीटी रोड पर जसोइया मोड़ के समीप हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, हादसे में नरारी कलाखुर्द थाना क्षेत्र के नदीयाईन गांव निवासी सुनील कुमार के पुत्र लवकुश कुमार (35 वर्ष) की मौत हो गई। वह प्रतिदिन की तरह अपने फाइनेंस का कार्य समाप्त कर घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान बेलगाम ट्रक चालक ने उसके बाइक में टक्कर मार दी और वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। वहीं, सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि लवकुश किसी कंपनी का फाइनेंसकर्मी था। काम निपटाकर औरंगाबाद से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह जसोइया मोड़ के समीप पहुंचा तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने उसे रौंद दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी।

## बेतिया में दुर्गा मंदिर में असामाजिक तत्वों ने लगाई आग

**बेतिया।** पश्चिम चम्पारण के लौरिया थाना क्षेत्र के गोनौली स्थित दुर्गा मंदिर मे असामाजिक तत्वों के द्वारा मंदिर में आग लगा दी गयी। हालाँकि कड़ी मशक्कत के बाद दमकल व ग्रामीणो की सहायता से आग पर काबू पाया जा सका। घटना बुधवार की देर शाम बताई गई है। वहीँ मंदिर जलाए जाने की सूचना पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए जमकर बवाल काटा। वहीँ मामले की सूचना पर पहुंचे लौरिया पुलिस अधिकारी, अंचलाधिकारी व जनप्रतिनिधि के सुझ बुझ से उग्र भीड़ को शांत कराया गया। इस संबंध मे लौरिया थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने लोगों को समझाया व कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर ग्रामीण किसी तरह शांत हुये। इस तरह रामनवमी व ईद की लेकर सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने के कोशिश को स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधि के द्वारा मामले को शांत किया गया। जानकारी के अनुसार गोनौली पंचायत के प्राथमिक विद्यालय गोनौली के पीछे दुर्गा मंदिर में असामाजिक तत्वों द्वारा आगजनी कर दी गई। मामले की सूचना पर ग्रामीण व प्रशासन पहुंच आग पर काबू पाया जा सका। वहीं असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग ग्रामीण करते रहे। थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा अंचलाधिकारी नीतीश कुमार सेठ ने स्थिति को समझा कर माहौल को शांत कराया। इस संबंध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने बताया की असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है। विधि व्यवस्था संधारण में कोइ कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## 15 अप्रैल को बिहार में हुंकार भरेंगे सीएम योगी आदित्यनाथ

**नवादा।** जिले के अकबरपुर प्रखंड में 15 अप्रैल को भाजपा के फायर ब्रांड नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे । इस जन सभा के माध्यम से यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नवादा लोकसभा क्षेत्र के जनता के साथ साथ आसपास के लोकसभा को साधने की कोशिश करेंगे। बुलडोजर बाबा के नाम से प्रसिद्ध योगी आदित्यनाथ अपने सख्त कानून व्यवस्था के लिए जाने जाते हैं। नवादा में योगी के काफी समर्थक हैं। उनकी चुनावी से ठीक तीन दिन पहले यानी 12 अप्रैल को नवादा के आईटीआई मैदान में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव जनसभा को संबोधित करेंगे। इस बार नवादा लोकसभा से भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर सीपी ठाकुर के बेटे राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर चुनावी मैदान में हैं। योगी आदित्यनाथ इनके लिए वोट मांगने आ रहे। वहीं राजद से उम्मीदवार श्रवण कुशवाहा हैं। इसबार लोकसभा चुनाव में लालू प्रसाद यादव ने नवादा लोकसभा सीट से श्रवण कुशवाहा को टिकट देकर कोयरी वोट अपने पाले में लाने की कोशिश की है। दूसरी तरफ नवादा के बाहुबली अशोक महतो की पत्नी कुमारी अनिता को मुंगेर लोकसभा सीट पर टिकट देकर कुर्मी जाति के वोट बैंक पर सेंधमारी का प्रयास किया गया।

### गोपालगंज में होली में आया था, कल जीजा के साथ जम्मू काम पर लौटने वाला था

# शख्स की गला रेतकर हत्या, 2 उंगली भी काटी

**गोपालगंज, अमृतवर्षा सं.।** सिधवलिया थाना क्षेत्र के बुचिया गांव में गुरुवार की तड़के खेत में एक युवक की अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से गर्दन काटकर हत्या कर दी। हत्या की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम की प्रकिया पूर्ण कराने के बाद स्वजन को सौंप दिया। अज्ञात अपराधियों की पुलिस पहचान करने में जुट गई है। घटनास्थल से मृतक की एक चांदी की अंगूठी और मोबाइल बरामद किया गया है। डाग स्क्वायड एवं एफएसएल की टीम ने घटनास्थल की जांच की। हत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। जानकारी के अनुसार, सिधवलिया थाना क्षेत्र के बुचिया गांव निवासी स्व. बृजकिशोर पांडेय के 32 वर्षीय पुत्र राकेश पांडेय जम्मू में धागा फैक्ट्री में अपने जीजा व छोटे भाई के साथ काम करते थे। होली में छुट्टी लेकर अपने घर आए थे। वह 12 अप्रैल को वापस जम्मू जाने के लिए ट्रेन का टिकट कटवा लिए थे। इसी बीच बुधवार की रात खाना खाकर वह अपने



घर के बरामदे में सोने के लिए चले गए। गुरुवार की तड़के युवक राकेश पांडेय का शव घर से 100 मीटर की दूरी पर खेत में खून से लथपथ अवस्था में पड़ा देखकर आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी घर के सदस्यों को दी। वहीं, घर के सदस्य मौके पर पहुंचे ओर शव को देखकर चीत्कार मारकर रोने लगे। इस बीच सिधवलिया एसडीपीओ अभय रंजन कुमार व सिधवलिया थानाध्यक्ष हरेराम कुमार ने मामले की जांच करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया। शव का पोस्टमार्टम होने के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया। स्वजन ने बताया कि राकेश पांडेय की गर्दन में सोने की चेन व हाथ में सोने की अंगूठी भी थी, जो गायब है। वहीं, राकेश पांडेय की अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से गर्दन रेतकर हत्या करने के साथ ही उनके बाएं हाथ की एक अंगुली भी काट दी है। पुलिस हत्यारों की पहचान करने में जुट गई है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि युवक की हत्या मामले की जांच सिधवलिया एसडीपीओ कर रहे हैं। जल्द ही हत्यारों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

## नवादा में पत्नी से लड़ाई, पति ने बेटे को मार डाला

**नवादा, अमृतवर्षा सं.।** जिले के परना डाबर थाना इलाके में हत्या की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। पिता ने ही अपने एक वर्ष के मासूम पुत्र की निर्मम तरीके से हत्या कर दी। घर में सोए बेटे को पिता ने उठाया और कमरे में बंद कर सिलबट्टा (मसाला पीसने वाला लोढ़ी-पाटी) पर उसका सिर रखकर कूच दिया। इतना ही नहीं, लोहे के सरिया से भी जमकर प्रहार किया। घटना सामने आने के बाद इलाके के लोग भौंचक रह गए। घटना की सूचना मिलते ही परना डाबर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच आरोपित पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पत्नी से विवाद में इस घटना को पति ने ससुराल पहुंचकर अंजाम दिया। सिरदला प्रखंड के परना डाबर थाना क्षेत्र के हरनारायनपुर गांव में यह वारदात हुई। पत्नी के साथ मामूली विवाद पर पति ने अपने ही बच्चे के साथ ऐसी घटना को अंजाम दिया। मृत बच्चे के मामा ने बताया कि बहन और भांजा करीब एक सप्ताह पूर्व उसके घर आए थे।। दोपहर घर के सभी सदस्य पास के खलिहान में गेहूं कटनी करवा रहे थे। इसी बीच बरामदा में सोए हुए बच्चे को पिता उठाकर कमरे में ले गया और किवाड़ बंद कर लिया। अनहोनी की आशंका को भांपते हुए परिजन तत्काल खपरैल छत पर चढ़ गए। वहां से अंदर का नजारा देख रोंगटे खड़े हो गए। ऊपर से ही परिजन घर के अंदर दाखिल हुए।

## सहरसा में निगम सफाईकर्मी की गोली मारकर की हत्या

**सहरसा, अमृतवर्षा सं.**

सहरसा सदर अस्पताल परिसर में आज सुबह बेखौफ अपराधियों ने एक नगर निगम सफाईकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे अस्पताल में अफरा-तफरी की स्थिति बन गयी। घटना की सूचना पर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ अधिकारी पहुंचे और जांच में जुट गए हैं। युवक कील पहचान मनोज मल्लिक के बेटे ऋषव मल्लिक के रूप में हुई है, जिसे अपराधियों ने बेहद नजदीक से सीने में गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। गोली की आवाज सुनते और खून से लथपथ ऋषव को देख कर परिजन सहित आसपास के लोगों का जमावड़ा लग गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं अस्पताल के मरीज उनके परिजन और स्थानीय लोगों के बीच भगदड़ की स्थिति बन गई। 21 वर्षीय ऋषव के पिता बताते हैं कि रात में उनका बेटा अपने घर पर सोया था, सुबह वह अपने घर से निकला और अस्पताल के शौचालय की तरफ जा रहा था तभी उसकी



हत्या कर दी गई। घटना से आक्रोशित लोगों को शांत कराने और मामले की जांच के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ अधिकारी पहुंच गए हैं। अधिकारियों ने परिजनों और घटनास्थल पर मौजूद लोगों से गहन पूछताछ की है। सहरसा सदर थाना एसआई खुशबू कुमारी का कहना है कि जांच चल रही है। अभी इस घटना के पीछे के कारण का कोई पता नहीं चल सका है।

## भोजपुर में मोपेड से सड़क पर गिरे मां-बेटे ट्रक ने रौंदा, दोनों की मौत

**भोजपुर, अमृतवर्षा सं.।** जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र अंतर्गत आरा-छपरा फोरलेन पर तेज रफ्तार बालू लदे ट्रक ने दो लोगों को रौंद दिया। इससे दोनों लोगों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दरअसल, मोपेड पर बैठकर चार लोग अपने घर जा रहे थे। ब्रेकर के पास दो लोग मोपेड से नीचे सड़क पर गिर गए, तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने दौनों को रौंद दिया। इस रोड ऐक्सिडेंट में मोपेड पर बैठी पत्नी और एक मासूम बेटे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि मोपेड चला रहा पिता और एक बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। उसके बाद स्थानीय लोगों ने घायल दोनों पिता-पुत्र को इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी ले गए, जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। वहीं, घटना के बाद चालक ट्रक छोड़ मौके से फरार हो गया। मृतकों में पटना जिला के परसा बाजार थाना क्षेत्र के सलालपुर गांव निवासी धनंजय मांझी की पत्नी रूबी देवी (28) और सात माह के बेटे करण कुमार



के रूप में हुई है। जबकि गंभीर घायलों में धनंजय मांझी (35) और उसका दो वर्षीय बेटा चंदन कुमार शामिल हैं। वहीं, घटना के बाद ग्रामीणों ने मृतकों के परिवार को मुआवजा देने और ट्रक चालक की गिरफ्तारी के लिए आरा-छपरा फोरलेन पर झलकू नगर मोड़ के पास सड़क जाम कर दिया। इसके साथ ही आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं, सड़क जाम की सूचना मिलने के बाद कोईलवर डीएसपी रंजीत कुमार सिंह और कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। फिर लोगों को समझा-बुझाकर जाम को हटवाया।

## फंदे से लटका मिला इंजीनियरिंग के छात्र का शव

**मधेपुरा।** जिले के कृष्णापुरी मुहल्ला स्थित एक निजी मकान में गुरुवार को इंजीनियरिंग के एक छात्र का शव फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान बेगूसराय जिले के चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मंझौल निवासी नागो शर्मा के बेटे रोहित कुमार (24) के रूप में हुई। बताया गया कि रोहित मधेपुरा के बीपी मंडल इंजीनियरिंग कॉलेज में इलेक्ट्रिकल ब्रांच के फाइनल ईयर का छात्र था। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोहित शहर के कृष्णापुरी मुहल्ला वार्ड चार स्थित एक निजी मकान में पिछले तीन साल से किराए पर रह कर पढ़ाई करता था। बगल के कमरा में रहने वाले एक दोस्त ने बताया कि बुधवार को रोहित अपने घर से मधेपुरा आया था। रात में सभी साथ में ही खाए। इसके सभी अपने-अपने कमरे में सोने चले गए। सुबह में देर तक जब रोहित कमरे से बाहर नहीं निकला तो दोस्तों ने बाहर से आवाज लगाई।

### सहरसा में मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन

## पुलिस ने बड़ी मात्रा में हथियार के साथ एक ही परिवार के 3 लोगों को दबोचा

**सहरसा, अमृतवर्षा सं.।** जिला पुलिस को एक बार फिर बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने बनमा इटहरी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनियाँ गांव में गुप्त सूचना पर छापेमारी करते हुए मिनी गन फैक्ट्री संचालन करने वाले पिता और उसके 2 बेटों को भारी मात्रा में हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। मामले में एसपी हिमांशु ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि बनमा इटहरी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनियाँ गांव के मेहबूब आलम के घर में मिनी गन फैक्ट्री चल रहा है। इससे भारी मात्रा में अवैध हथियार तैयार किए जा रहे हैं। इसके बाद सिमरी बख्तियारपुर डीएसपी मुकेश ठाकुर के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर लक्ष्मीनियाँ



गांव की घेराबंदी कर मेहबूब आलम के घर में छापेमारी किया गया। छापेमारी के दौरान मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। साथ ही मौके से एक देसी पिस्टल, दो दोनाली बंदूक, छह एकनाली बंदूक, दो देसी कट्टा, आठ मैगजीन,152 जिंदा कारतूस,तीन दोनाली बंदूक का बैरल,तीन अर्धनिर्मित बैरल,तीन अर्धनिर्मित बंदूक का बॉडी,एक अर्धनिर्मित लकड़ी का बट पुलिस ने बरामद किया है। वहीं हथियार बनाने वाला उपकरण जैसे एक चाप मशीन,डोएक इलेक्ट्रॉनिक कटर, दो इलेक्ट्रॉनिक ड्रील मशीन, दो हाथ वाला ड्रील मशीन,दस रेती,एक आरी,तीन पेचकस,चार छेनी भी बरामद किया गया है। मामले में मेहबूब आलम और उसके दो पुत्र काशिफ रजा और अली राजा को पकड़ा गया है। एसपी ने कहा कि मेहबूब आलम अपने बेटों के साथ मिलकर अवैध मिनी गन फैक्ट्री के द्वारा जिंदा कारतूस,अवैध हथियार का निर्माण एवं हथियार मरम्मती का कार्य करते हैं। फिलहाल पुलिस इन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजकर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

## गैंगस्टर चुन्नू ठाकुर की डायरी से बड़े चेहरे बेनकाब होंगे?

**मुजफ्फरपुर, अमृतवर्षा सं.।** बिहार से नेपाल तक अपना जाल फैला चुके गैंगस्टर चुन्नू ठाकुर के शराब सिंडिकेट के हिसाब की डायरी दो साल बाद फिर से खोली गई है। चुन्नू की गिरफ्तारी के बाद उसके शराब सिंडिकेट के शातिरों की पहचान की कोशिश शुरू की गई है। 13 जनवरी 2022 को मिठनपुरा में धराए उसके दो गुर्गे के पास से पुलिस ने 120 करोड़ रुपये के शराब के हिसाब की तीन डायरी जब्त की थी। इसमें उत्तर बिहार के पांच जिलों के 150 से अधिक धंधेबाजों को शराब सप्लाई का लेखा जोखा था। शराब धंधेबाजों के नाम के साथ उसके मोबाइल नंबर और रुपये के हिसाब भी लिखे हुए थे। बिहार में नीतीश कुमार के आदेश पर2016 से ही पूर्ण शराबबंदी लागू है। मिठनपुरा पुलिस ने अब तक तीनों डायरी के संबंध में जांच नहीं की थी। आईजी शिवदीप लांडे ने चुन्नू ठाकुर की गिरफ्तारी के बाद सिटी



120 करोड़ के शराब कारोबार का हिसाब है दर्ज

एसपी अवधेश सरोज दीक्षित को तीनों डायरी की जांच कराने का निर्देश दिया है। साथ ही इसमें जिन माफियाओं का नाम है उसका पूरा ब्योरा खंगालने को कहा है। चुन्नू के सिंडिकेट से जुड़े माफियाओं के हिसाब की डायरी खुलने के बाद उसके गैंग में खलबली है। अब सभी शराब धंधेबाज बैंक एकाउंट से लेन-देन करने पर फंसेंगे। उसके घर से मिले बैंक खातों के ब्योरे से मिठनपुरा में जब्त तीनों डायरी का मिलान किया जाएगा। इसके बाद शराब धंधेबाज मानते हुए खाता धारकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सिंडिकेट से जुड़े शातिरों की संपत्ति भी पुलिस खंगालेगी। चुन्नू के सिंडिकेट पर बड़ी कार्रवाई को आर्थिक अपराध इकाई के पटना के अधिकारी भी सक्रिय हैं। पुलिस से ईओयू की ओर से चुन्नू के घर से मिले बैंक खातों का ब्योरा मांगा गया है। इसके आधार पर इओयू भी संपत्ति का सुराग लगाकर पीएमएलए के तहत अपराध से अर्जित धन व संपत्ति की जब्ती को लेकर कार्रवाई करेगी। बैरिया बस स्टैंड में सक्रिय दबंग हिस्ट्रीशीटर और अपराधियों के दम पर बस ऑनर बगैर कागजात के भी बसों का परिचालन कर रहे हैं। तीन साल पहले डीटीओ ने एक परमिट पर दो बसों के परिचालन का खेल पकड़ा था। लेकिन, बस जब्ती की कार्रवाई अधूरी ही रह गई थी। इसमें परिवहन अधिकारी ने अचानक सारी जांच को रोक दिया था।

## गोपालगंज में चोरी के 6 बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**गोपालगंज।** जिले के भोरे थाना क्षेत्र के हुसेपुर बाजार से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए चोर के पास से पुलिस ने कुल 6 चोरी के बाइक बरामद किया है। फिलहाल पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संदर्भ में बताया जाता है कि पुलिस को यह सूचना प्राप्त हुई थी कि भोरे थाना क्षेत्र के हुसेपुर बाजार में चोरी की बाइक की डिलीवरी होने वाली है। प्राप्त सूचना के बाद भोरे थानाध्यक्ष अनिल कुमार, अपर थाना अध्यक्ष मनीष कुमार दलबल के साथ बाजार पहुंचे और वाहनों की तलाशी तेज कर दी। इसी बीच शातिर बदमाश अपनी बाइक लेकर बाजार पहुंचा और पुलिस को देख वह भागने लगा।

## भागलपुर में हुए हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, एक गिरफ्तार

**भागलपुर, अमृतवर्षा सं.।** भागलपुर में हुए हत्याकांड में सीसीटीवी जांच एवं अनुसंधान सेल की टीम द्वारा एक अभियुक्त की गिरफ्तारी हुई है। वहीं, रिमांड पर लिए गए अभियुक्त से अन्य अपराधियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। दरअसल, भागलपुर पुलिस एक तरफ लोकसभा को लेकर अलर्ट है। वहीं, दूसरे तरफ अपराधकर्मी की लगातार धरपकर तेज कर दी गई है। भागलपुर पुलिस की लगातार छापेमारी सफल हो रही है। ऐसे में पुलिस ने मुख्य रूप से तकनीकी अनुसंधान सेल की मदद से भागलपुर पुलिस लगातार कांडों के उद्भेदन में जुटी हुई है। बता दें कि मामला बरगंज थाना क्षेत्र का है। जहां 5 अप्रैल को कोइली खुटहा



निवासी पवन कुमार यादव को बरगंज थाना के सूर्यलोक कॉलोनी में अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस कांड के उद्भेदन में तकनीकी अनुसंधान सेल की मदद से भागलपुर पुलिस ने बांका चक्काडीह के रहने वाला दिनेश यादव का पुत्र जैकी यादव को मोबाइल और अन्य सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा कि जैकी यादव पर कई थानों में केस दर्ज है। उसका आपराधिक इतिहास रहा है।

## परशुराम वंशी होने के कारण मेरा टिकट कटा, अभी बहुत कुछ होने वाला है, बक्सर में ही रहूंगाः अश्विनी

**बक्सर, अमृतवर्षा सं.।** केंद्रीय राज्य मंत्री और बक्सर से बीजेपी सांसद अश्विनी चौबे का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वो कहते दिख रहे हैं कि बक्सर में मैं ही रहूंगा। अभी नामांकन बाकी है। बहुत कुछ होने वाला है। किसने क्या समझा, नहीं समझा मुझे पता नहीं, लेकिन हां कुछ षड्यंत्रकारी थे जो चुनाव के बाद नंगे होंगे। जो भी होगा मंगलमय होगा। अश्विनी चौबे ने ये बातें 8 अप्रैल को पटना में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही थी। अश्विनी चौबे पटना के कदमकुआं स्थित जेपी आवास चरखा समिति पहुंचे थे। बिहार भर से आए कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। इसका वीडियो अब सामने आया है। केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी चौबे बिहार के बक्सर से लगातार 2 बार सांसद रहे हैं, लेकिन बीजेपी ने इस बार अश्विनी चौबे का टिकट काटकर मिथिलेश तिवारी को टिकट दिया है। बक्सर से बीजेपी के प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी ने कहा कि अश्विनी जी बड़े नेता हैं, मेरे बड़े भाई हैं। उनके बयान पर मेरी कोई प्रतिक्रिया नहीं है। यहां से वे लड़ें या



मैं एक ही बात है। शायद इसी संदर्भ में उन्होंने ये बातें कही हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में बक्सर संसदीय सीट से टिकट कटने पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का दर्द ऊभर आया था। टिकट कटने के बाद पहली बार सोमवार को पटना पहुंचे अश्विनी चौबे ने आरोप लगाया कि परशुराम का वंशज होने के चलते उनका टिकट कटा है, हालांकि उन्होंने इसके लिए पार्टी को कोई दोष नहीं दिया। इतना ही नहीं अश्विनी चौबे ने यह भी दावा किया कि पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी वह उसका निर्वहन करेंगे। उन्होंने यहां तक कह दिया कि परशुराम का वंशज होने के कारण उनका टिकट काट दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि बक्सर में मैं ही रहूंगा बहुत कुछ होने वाला है।

### बोरिंग से पानी की जगह निकल रहा कंकड़-पत्थर और मिट्टी

## बूंद-बूंद को तरस रहे भागलपुर शहर के 30 हजार लोग

**भागलपुर, अमृतवर्षा सं.**

शुरूआती गर्मी (अप्रैल माह) में ही भागलपुर शहर के दक्षिणी क्षेत्र के बोरिंग फेल होने लगे हैं। भूजल का स्तर नीचे चले जाने से वार्ड 50 व 51 के लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। वे बूंद-बूंद पानी को तरस गए हैं। कुछ लोग आस-पड़ोस के घरों पर तो कुछ दूर-दराज से पानी ढ़ोकर लाने को मजबूर हैं। वार्ड 41 स्थित राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी परिसर की बोरिंग से पानी के बजाय बालू और कंकड़ निकलने लगा है। एक साल पहले गड़ी मानिकपुर की डीप बोरिंग भी ठप हो गई है। महादेव पोखर की बोरिंग से भी कीचड़ निकल रहा है। जिला प्रशासन के समर प्लान बनाने के निर्देश का पालन नहीं करने के कारण 30 हजार से अधिक लोगों के बीच जल संकट गहरा गया है। हालांकि निगम की ओर से मोटर पंप,



स्विच व तार आदि उपकरणों की खरीदारी कर स्टाक में रखने के दावे किए जा रहे हैं।

**टैंकर आते ही होने लगती है मारामारी:** वार्ड 41 के दर्जन भर मोहल्ले की करीब 15 हजार आबादी को स्वच्छ पेयजल नहीं मिल पा रहा है। राधा कृष्ण प्राचीन ठाकुरबाड़ी की बोरिंग 29 मार्च से ही खराब है। इस बोरिंग से हुसैनाबाद, अंबई मार्ग, कसाई टोला से लेकर गुड़हट्टा चौक, मारूफचक से एतवारी हाट तक के लोगों को जलापूर्ति की जाती थी। पेयजल संकट को दूर करने के लिए निगम की ओर से प्रतिदिन दो टैंकर पानी उपलब्ध कराए जा रहे हैं, पर इतना पानी पूरी आबादी की प्यास बुझाने के लिए पर्याप्त नहीं है। घनी आबादी होने के कारण यहां छह टैंकर पानी की आवश्यकता है। टैंकर आते ही वहां पानी लेने के लिए लोगों के बीच मारा-मारी की स्थिति बन जाती है।

**अधिकारियों को आवेदन देते फिर रहे स्थानीयः** स्थानीय पिंटू कुमार ने बताया कि बोरिंग से बालू, कीचड़ व कंकड़ निकल रहे हैं। बोरवेल की केसीन पाइप फट जाने से यह समस्या उत्पन्न हुई है। समस्या के निदान के लिए स्थानीय लोगों की ओर से डीएम, नगर आयुक्त व मेयर को आवेदन दिये गए हैं। जलकल शाखा प्रभारी ने वहां के लोगों को कंप्रेशर मशीन लगाकर बोरवेल की सफाई कराकर समस्या समाधान कराने का आश्वासन दिया है।

**बोरिंग से पानी से अधिक मिट्टी निकल रही:** इधर, महादेव तालाब की डीप बोरिंग में भी ऐसी ही समस्या है। वहां के लोगों का कहना है कि इसके कारण यह बोरिंग कब बंद हो जाए, यह कहना मुश्किल है। इस बोरिंग में पानी से अधिक मिट्टी निकल रही है। पार्षद प्रतिनिधि शशि मोदी ने बताया कि निगम से शिकायत करने के बाद तकनीकी टीम निगम से भेजी गई थी। टीम ने नए बोरवेल का सुझाव दिया है। अब यहां नई बोरिंग लगाने के लिए बोर्ड व सशक्त स्थाई समिति में प्रस्ताव पारित कराए जाएंगे।

**लोगों में नगर निगम के खिलाफ आक्रोशः** वहां के कई लोगों ने आरोप लगाया कि गर्मी में पेयजल की समस्या उत्पन्न होने से अवगत रहने के बावजूद नगर निगम समय पर इनका समाधान कर समस्याग्रस्त वार्डों में पेयजल आपूर्ति मुहैया करवाने में नाकाम साबित हो रहा है। लचर कार्य प्रणाली को लेकर उनमें आक्रोश व्याप्त है।

## अजीमाबाद एक्सप्रेस से 162 बोतल विदेशी शराब बरामद

**पटना।** रेल पुलिस ने सुबह अजीमाबाद एक्सप्रेस से 162 बोतल विदेशी शराब लावारिस हालत में बरामद की। तीन काले रंग के बैग में शराब रखी हुई थी। रेल पुलिस अज्ञात शराब तस्कर के विरुद्ध थाने में केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जीआरपी के जवानों ने शक के आधार पर जब बैग के बारे में यात्रियों से पूछा तो किसी ने उसके बारे में जवाब नहीं दिया।

### हमारी सरकार आई तो मोदी जेल में होंगे: मीसा भारती के बयान पर भड़की बीजेपी; विजय सिन्हा बोले

# चुनाव बाद पता चलेगा कौन जेल जाएगा

**पटना, अमृतवर्षा सं.**



रजेडी सुप्रीमो लालू यादव की बेटी मीसा भारती के एक बयान ने बिहार की सियासत गरमा दी है। मीसा भारती ने कहा था कि अगर जनता का आशीर्वाद मिला और हमारी सरकार आई तो पीएम मोदी समेत बीजेपी के कई नेता जेल में होंगे। मीसा भारती के बयान पर बीजेपी भड़की हुई है। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि कौन जेल में है, कौन बेल पर और कौन जेल जाएगा, चुनाव के बाद सबका हिसाब होगा। मीसा भारती पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से आरजेडी के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने दो बार पीएम मोदी के जेल जाने को लेकर बयान दिया है। पहली बार एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में, दूसरी बार जनसंपर्क अभियान के दौरान।

**...तो पीएम जेल जाएंगे:** सोमवार को पटना के मसौढ़ी में जनसंपर्क अभियान के दौरान मीसा कार्यकताओं को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दूसरों को भ्रष्टाचार और परिवारवाद का आरोप लगाते हैं। वे जमुई और नवादा में किसका प्रचार करने के लिए गए थे। उन्होंने कहा कि इलेक्टरल बॉड का घोटाला की बात क्यों नहीं करते हैं। हमारी सरकार अगर बनती है तो बीजेपी के कई बड़े नेता मंत्री और प्रधानमंत्री जेल जाएंगे। मीसा भारती ने आगे कहा कि पीएम मोदी को इंडी गठबंधन की ओर से 30 लाख रोजगार नजर नहीं आता है। आज किसान भुखमरी के कगार पर हैं। जब किसान अपनी आय दोगुनी करने और एमएसपी लागू करने की मांग करते हैं तो उन्हें प्रताड़ित किया जाता है।

**परिवारवाद पर क्यों चुप्पी साध ली?:** 7 अप्रैल को प्रधानमंत्री नवादा पहुंचे थे, लेकिन अपने भाषण में परिवारवाद पर क्यों चुप्पी साध ली ? देश की आम जनता नरेंद्र मोदी से इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर करोड़ों की हेरा फेरी मामले पर जवाब मांग रही है। उन्हें आगे आकर जवाब देना चाहिए। लालू परिवार पर लगातार भ्रष्टाचार का आरोप लगाया जा रहा है, लेकिन भ्रष्टाचार में डूबी मोदी सरकार इलेक्टोरल बॉन्ड मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। एक सवाल के जवाब में मीसा भारती ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहले यह निर्णय कर लें कि उनको किनके साथ रहना है।

**सबका हिसाब देना होगा:** डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने मीसा के बयान पर कहा कि ये डरे सहमे लोगों की आवाज है। यही लोग पहले हैं जो पहले चपरासी क्वार्टर में रहते थे आज महलों के राजा बन गए हैं। मॉल से लेकर फॉर्म हाउस तक पहुंच गए। हिसाब देना होगा। कौन जेल में है, कौन बेल में है, बस चुनाव के बाद पता चल जाएगा।

**अभी तो सिर्फ एक फॉर्म हाउस सीज हुआ है:** मीसा भारती के बयान पर बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने निशाना साधा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अरे- अरे मीसा जी बहुत गुस्सा चढ़ रहा है। अभी तो सिर्फ एक फॉर्म हाउस सीज हुआ है ना आपका। 2-4 प्रॉपर्टी और सीज हुई है। ये कहां से आई..कुबेर भगवान ने दिया होगा। कुबेर की कृपा से तो सिर्फ लालू जी पुत्र-पुत्रियों पर बरसती है। सरकार बनेगी तो प्रधानमंत्री और सब सहयोगी नेता जेल चले जाएंगे। क्या मंसूबे हैं, क्या सपने हैं, क्या मुंगेरी लाल के हसीन सपने हैं। दिन में भी ख्वाब देखते हैं कि सरकार बनने की। इंडी गठबंधन की जहां-जहां सरकार है ना वहां बीजेपी नेताओं को जेल में डालिए। जो-जो भ्रष्टाचार किए हुए हैं। इस देश में कानून का राज है और कानून पर ही चलेगा। जो भ्रष्टाचारी है वो बचेगा नहीं। जिस तरह से आपके पिताजी दोषी हुए, आप अपने नंबर का इंतजार कीजिए। बचेंगी तो आप भी नहीं। नौकरी के बदले जमीन लेकर पविवारवाद का नंगा नाच कर रही हैं। प्रधानमंत्री को ज्ञान दे रही हैं। किस पर बोलना चाहिए, किस पर नहीं बोलना चाहिए। आपकी छटपटाहट समझ में आ रही है। चलिए आपसे सहानुभूति है।

**विकास नहीं विनाश करने वालों को जेल होती है:** मीसा के बयान पर बीजेपी प्रवक्ता अरविंद सिंह ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि मीसा भारती को समझ नहीं है। उनका पूरा परिवार जेल की यात्रा कर चुका है और कुछ करने वाले हैं। संविधान के तहत देश चलता है। बिना किसी घोटाले के किसी को जेल नहीं होता है। बिना अपराध के किसी को जेल नहीं होती है। विकास करने के नाम पर किसी को जेल नहीं होती है। विनाश करने के लिए जेल होती है। मीसा भारती घबराइए नहीं समय पर सब कुछ भेजा जाएगा।

## अपडेट न्यूज

### नवनिर्मित प्राचीन देवी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

**पटना।** राजधानी के मसौढ़ी अनुमंडल के स्थानीय वार्ड नं 24 स्थित कुम्हार टोली मुहल्ले में गुरुवार को नवनिर्मित प्राचीन देवी मंदिर और मां भगवती मातारानी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। 1001 महिलाएं माथा पर कलश लेकर मंदिर से यात्रा की



शुरूआत की जो स्टेशन रोड, मेन रोड होते हुए मणीचक धाम पहुंची और वहां से जल भरकर नगर भ्रमण करते हुए फिर महायज्ञ स्थल पर पहुंची। आगे-आगे घुड़सवार, उसके पीछे ढोल मंजीरा और सबसे पीछे डीजे की धुन पर थिकरते श्रद्धालुओं की झुंड कलश यात्रा की शोभा बढ़ा रही थी। गर्मी से राहत के मणिचक मोड़ पर भाजपा युवा नेता रजनीश भारती व रवि कुमार द्वारा श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल की भी व्यवस्था की गई थी। ताकि कलश उठाने वाली महिलाओं को समस्या न हो। यज्ञ स्थल पर पहुंचने के बाद सात दिवसीय महायज्ञ का अनुष्ठान प्रारंभ किया गया।इसको लेकर यज्ञ कमेटी के संयोजक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मातारानी भगवती के प्राण प्रतिष्ठा व नवनिर्मित मंदिर को लेकर कलश यात्रा निकाली गई है।यह कार्यक्रम 9अप्रैल से शुरू हो गई है। 15 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें 11अप्रैल को कलश यात्रा निकाली गई है। इसके अलावा बनारस और अयोध्या से आए हुए ब्राह्मणों के द्वारा प्रवचन कीर्तन कार्यक्रम किया जाएगा। वहीं 16 अप्रैल को यज्ञ की पूणार्हुति की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल शर्मा विजय चंद्रवंशी चंदन कुमार संजय कुमार विश्वरंजन सिंह मनीष कुमार चंद्रवंशी स्थानीय वार्ड पार्षद प्रतिनिधि प्रेम कुमार चिंटू शर्मा राहुल कुमार संजय यादव राजेश कुमार गांधी कुमार पवन कुमार उपेंद्र सिंह संजय सिंह समेत अन्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### बिहार में मातृ मृत्यु दर शून्य करना अब भी चुनौती

**पटना।** बिहार में मातृ मृत्यु दर में कमी भले ही आई है पर इसे शून्य करना अब भी चुनौती है। सूबे में अभी भी लगभग 25 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का अस्पतालों में प्रसव नहीं होता है। बिहार में 2011-12 में मातृ मृत्यु दर का अनुपात 208 था, जो 2022-23 में घट कर 118 हो गया है। यानी लगभग 50 प्रतिशत तक कमी आयी है। केरल में सबसे कम 19 है। राष्ट्रीय औसत 97 (प्रति लाख) है। बता दें कि राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस हर साल 11 अप्रैल मनाया जाता है। मातृ मृत्यु दर रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर जोर दे रहा है। जननी सुरक्षा योजना के तहत सुरक्षित मातृत्व के लिए लोगों जागरूक किया जा रहा है। योजना के तहत संस्थागत प्रसव में वृद्धि हो रही है। बिहार में संस्थागत प्रसव 2005-06 के 9.9 प्रतिशत से 2019-20 में बढ़ केर 76.2 प्रतिशत पहुंच गया है। 2022-23 में 15.75 लाख महिलाओं ने संस्थागत प्रसव का विकल्प चुना था। 2023-24 में दिसंबर 2023 तक 12.30 लाख महिलाएं इस सुविधा का लाभ ले चुकी हैं। संस्थागत प्रसव से शिशु मृत्यु दर भी घटती है। 2005 में बिहार में शिशु मृत्यु दर 62 थी जो 2020 तक घट कर 27 हो गई है।

### पटना में गंगा में डूबे युवक का 35 घंटे बाद शव बरामद

**पटना।** राजधानी के मनेर थाना क्षेत्र के खासपुर पंचटोला रानी के बंगला घाट पर स्नान करने के दौरान एक युवक की मौत हो गई। 35 घंटे बाद गुरुवार की सुबह शव को निकाला गया। मृतक की पहचान शाहपुर थाना क्षेत्र के दाउदपुर निवासी मोहन साव के रिश्तेदार चन्दन कुमार(18) के रूप में हुई है। मंगलवार की सुबह काम करने गया हुआ था। वह मजदूरी का काम करता था। देर शाम तक जब घर नहीं लौटा तो परिजन उसकी खोजबीन में जुट गए। खोजबीन के दौरान परिजनों को पता चला की दोपहर में एक दोस्त के साथ चन्दन खासपुर पंचटोला स्थित रानी के बंगला घाट पर गया हुआ था। जिसके बाद परिजनों ने वहां के आसपास के लोगों से पूछताछ की तो पता चला की गंगा में स्नान करने के दौरान एक युवक डूब गया है। जिसे स्थानीय गोताखोर ने खोजबीन की लेकिन युवक का शव नहीं मिला। वहीं युवक के डूबने की सूचना मनेर थाना के साथ ही एसडीआरएफ की टीम को दी गई। सूचना पाकर मनेर थाना की पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की टीम के साथ ही स्थानीय गोताखोर शव की खोजबीन में जुट गए। 35 घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम गुरुवार की सुबह युवक का शव गंगा से बरामद किया।

### चार दिवसीय चैती छठ की शुरूआत आज से

**पटना।** लोकआस्था का महापर्व छठ की शुरूआत शुक्रवार 12 अप्रैल से हो रही है। शुक्रवार को पहले दिन नहाय खाय के साथ छठ पर्व की शुरूआत होगी। चैत्र महीने में मनाए जाने की वजह से इसे चैती छठ पर्व के नाम से जाना जाता है। बिहार, उत्तरप्रदेश और देश के अन्य हिस्सों में साल में दो बार छठ पर्व मनाया जाता है। एक बार छठ कार्तिक माह में दीपावली के छह दिन बाद और दूसरी बार चैत माह में मनाया जाता है। कार्तिक माह के छठ के बारे में सभी लोग जानते हैं लेकिन उसकी अपेक्षा चैत माह की छठ के बारे में कम चर्चा होती है। लोक आस्था का महापर्व चार दिवसीय चैती छठ पूजा की तैयारियां जोरों पर है। 12 अप्रैल को नहाय खाय से इसकी शुरूवात होगी। जिसके बाद 13 अप्रैल को खरना होगा। 14 अप्रैल की शाम को सूर्य देव को पहला अर्घ्य दिया जाएगा। वहीं 15 अप्रैल की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद यह पर्व सम्पन होगा।

## बिहार के नए शैक्षणिक सत्र में बदले जाएंगे 70 हजार स्कूलों के नाम

**पटना, अमृतवर्षा सं.।** देशभर के कई स्टेशनों के नाम बदलने के बाद अब बिहार में स्कूलों का नाम बदलने की तैयारी शुरू कर दी गई है। शिक्षा विभाग ने राज्य के 70 हजार सरकारी स्कूलों का नाम बदलने की तैयारी की है और सबकुछ ठीक रहा तो इसी सत्र स्कूलों का नाम बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। शिक्षा विभाग ने राज्य के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय और उत्क्रमित मध्य विद्यालय का नाम बदलने की तैयारी शुरू कर दी है। जुलाई के बाद इसी सत्र में स्कूलों का नाम बदलने का काम शुरू भी कर दिया जाएगा। इसको लेकर शिक्षा विभाग राज्य के सभी 38 जिलों से नवसृजित और उत्क्रमित विध्यालयों से जानकारी जुटाने में लगा है। इन स्कूलों के नाम राजकीय या देश और राज्य के महापुरुषों के नाम पर रखे जाएंगे। ऐसे स्कूलों का नया नाम ई-शिक्षा कोष और यू-डायस पोर्टल पर एंट्री की जाएगी। इसके बाद ये स्कूल उसी नाम से जाने जाएंगे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इन स्कूलों का नाम बदलने के पीछे एक यह भी कारण है कि ई-शिक्षा कोष और यू-डायस पोर्टल में एंट्री करने के दौरान इन स्कूलों के बड़े-बड़े नाम होने से काफी परेशानी होती है। परेशानी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने स्कूलों का नाम बदलने कै फैसला लिया है। भागलपुर के जिला शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार शर्मा ने बताया है कि भागलपुर के 430 नवसृजित और 116 उत्क्रमित विद्यालय के नाम बदलें जाएंगे जबकि बांका में 75 नवसृजित विद्यालय, लखीसराय के 308 नवसृजित और 194 उत्क्रमित विद्यालय, सुपौल के 542 नवसृजित और 407 उत्क्रमित विद्यालय के नाम बदले जाएंगे।

## नीतीश सरकार में अतिपिछड़ों को सशक्त बनाया: रंजन

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री बनने से पहले धानुक समेत अतिपिछड़ा वर्ग में आने वाले किसी भी समाज को महत्व नहीं दिया जाता था। नीतीश कुमार ने अतिपिछड़ा वर्ग की व्यथा को समझा और पहली बार हमारे समाज को सशक्त करने के लिए कार्य शुरू हुए। साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु की पुण्यतिथि पर गुरुवार को अखिल भारतीय धानुक महासंघ द्वारा पटना के कंकड़बाग में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद वह विचार रख रहे थे। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने फणीश्वरनाथ रेणु को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की।

## बिहार के लिए महंगाई और बेरोजगारी की बात करने के बजाय बीजेपी मछली और संतरा को मुद्दा बना रही: तेजस्वी

**पटना, अमृतवर्षा सं.।** चुनाव प्रचार के दौरान नवरात्रि में तेजस्वी यादव के मछली खाने और संतरा खाने को लेकर बिहार में सियासत तेज हो गई है। नवरात्रि में मछली खाने को लेकर एक तरफ बीजेपी ने हमलावर हो गई है और लालू-तेजस्वी को फर्जी सनातनी बताया है तो दूसरी तरफ फजीहत के बाद तेजस्वी ने संतरा खाकर खुद को भगवाधारी बता दिया। मछली और संतरा खाने पर हो रही सियासत पर तेजस्वी का रिएक्शन आया है। गुरुवार को चुनाव प्रचार में रवाना होने से पहले तेजस्वी ने मीडिया से बाचतीच के दौरान बीजेपी पर हमला बोला। मछली और संतरा खाने पर बीजेपी की तरफ से की जा रही सियासत पर तेजस्वी ने कहा कि



खाने पीने पर सियासत होने लगे तो आप समझ जाइए, मुद्दे की बात होनी चाहिए न। हमलोग तो मुद्दे की बात करना चाहते हैं।

हमलोग बेरोजगारी, गरीबी और महंगाई की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्या एक बार भी बीजेपी के लोगों ने कहा कि बिहार को विशेष राज्य के दर्जा की जरूरत है। एक बार भी नहीं कहा कि बिहार को विशेष पैकेज देंगे। बीजेपी ने एक बार भी नहीं कहा कि वह बिहार के युवाओं का कैसे भला करेगी। इन सब मुद्दों पर तो किसी भी बीजेपी नेता ने कुछ नहीं कहा, उन्हें इन सब मुद्दों पर बात करनी चाहिए। तेजस्वी ने सोशल मीडिया एक्स पर बीजेपी को निशाने पर लेते हुए एक पोस्ट लिखा है। इस पोस्ट में तेजस्वी ने लिखा कि, देश का युवा वर्ग जान चुका है कि प्रधानमंत्री जी कभी भी बेरोजगारी, किसानी, महंगाई, गरीबी, शिक्षा-स्वास्थ्य और ज्वलंत मुद्दों पर बात नहीं करते। 10 वर्ष शासन में रहने के बावजूद भी वो अपनी उपलब्धियां गिनाने की बजाय हर बात के लिए विपक्ष को दोषी ठहराते है। पीएम को बताना चाहिए कि विगत 46 वर्षों में उनके शासन में ही बेरोजगारी, गरीबी और महंगाई सबसे अधिक क्यों बढ़ी।

### आज नवादा और 13 को गया में करेंगे जनसभा

## लोकसभा के प्रचार अभियान में उतरेंगे मुख्यमंत्री

**पटना, अमृतवर्षा सं.**

सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव के पहले व दूसरे चरण की नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सीएम नीतीश कुमार शुक्रवार से एनडीए के प्रत्याशियों के पक्ष में रैलियां करने के लिए निकल रही हैं। नीतीश कुमार 12 अप्रैल को नवादा में चुनाव प्रचार करेंगे। सीएम नीतीश कुमार वारसलीगंज में 12:30 बजे चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। उसके बाद 13 अप्रैल को नीतीश कुमार गया में जीतनराम मांझी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। नीतीश कुमार गया के बाराचट्टी में 11:30 बजे चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगें। इससे पहले भी नीतीश कुमार एनडीए कैंडिडेट के पक्ष में चुनाव प्रचार कर चुके हैं। जहां वो लगातार भाजपा, जदयू और



लोजपा (रामविलास) के पक्ष में वोट अपील करते नजर आए। इसके साथ ही सीएम नीतीश लालू राबड़ी शासनकाल पर भी सवाल उठाते हुए नजर आए। इसके बाद सीएम नीतीश कुमार 13 अप्रैल को ही औरंगाबाद में चुनाव प्रचार करेंगे। उसके बाद औरंगाबाद लोकसभा के इमामगंज में 12:30 बजे होगी चुनावी जनसभा करेंगे। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर एक बार फिर बिहार दौरे पर आने वाले हैं। 16 अप्रैल को उनकी एक नहीं बल्कि दो लोकसभा सीटों पर जनसभाएं होंगी। पीएम मोदी गया के साथ ही पूर्णिया में भी चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। इन दोनों सीटों पर बीजेपी की सहयोगी पार्टियां एनडीए से चुनावी मैदान में हैं। गया से पूर्व मुख्यमंत्री एवं हम सुप्रीमो जीतनराम मांझी तो पूर्णिया से सीएम नीतीश की पार्टी जेडीयू से मौजूदा सांसद संतोष कुशवाहा चुनाव लड़ रहे हैं। पीएम मोदी दोनों के लिए वोट मांगते हुए नजर आएंगे। इसके साथ ही आगामी 14 अप्रैल को 11 बजे राजनाथ सिंह जमुई पहुंचेंगे। वह एस के एस मेमोरियल स्टेडियम में चुनाव प्रचार करेंगे। जहां वो नवादा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. विवेक ठाकुर के समर्थन में चुनावी सभा करेंगे। नवादा के अकबरपुर में 15 अप्रैल को दोपहर करीब 12:30 बजे योगी आदित्यनाथ की जनसभा होगी।

## शराब तस्करी के फरार आरोपियों की होगी तलाश

**पटना।** शराबबंदी कानून को पूरी सख्ती से लागू करने के लिए इससे जुड़े तस्करों को दबोचने की कवायद तेज कर दी गई है। शराब तस्करी में राज्य के बाहर के 140 वारंटी ऐसे हैं, जो जेल से छूटने के बाद फरार चल रहे हैं। इसमें बड़ी संख्या में ऐसे आरोपी हैं, जो संबंधित थानों में जाकर न हाजिरी बना रहे हैं और न ही दिए गए पते पर ही उपलब्ध हैं। कुछ के तो पते भी फर्जी बताए जा रहे हैं। इसी तरह राज्य के अंदर विभिन्न जिलों में करीब 5 हजार आरोपी ऐसे हैं, जो जेल से छूटकर आने के बाद से लापता हो गए हैं या लगातार फरार चल रहे हैं। अब इन सभी आरोपियों को दबोचने के लिए उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग पुलिस महकमा के पदाधिकारियों की भी मदद लेगा।

## दूसरे चरण के प्रचार में किशनगंज में रैली करेंगे राहुल

**पटना, अमृतवर्षा सं.।** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी बिहार दौरे पर आ रहे हैं। 19 अप्रैल को राहुल गांधी किशनगंज से चुनाव प्रचार की शुरूआत करेंगे। किशनगंज से कांग्रेस के मो. जावेद मैदान में हैं। इस दिन राज्य की चार लोकसभा सीटों पर पहले चरण का मतदान चल रहा होगा और दूसरी तरफ राहुल गांधी चुनावी जनसभा को संबोधित करके अपने पक्ष में वोट अपील करेंगे। लेकिन, देखने वाली बात यह है की राहुल गांधी दूसरे चरण की पांच सीटों में शामिल किशनगंज तो जाएंगे। लेकिन पूर्णिया नहीं जाएंगे। यहां अपनी जाप का कांग्रेस में विलय करने के बाद भी पप्पू यादव निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। राजद सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लालू और तेजस्वी यादव की राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ने कांग्रेस से राहुल की सभा पूर्णिया में मांगी थी जिससे आरजेडी की कैंडिडेट बीमा भारती की मदद हो सके। लेकिन, पप्पू यादव लगातार राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का नाम लेते रहे हैं और कहते रहे हैं कि कांग्रेसी उनके साथ हैं। ऐसे में राहुल गांधी इस सीट पर चुनाव प्रचार करना नहीं चाहते हैं। लिहाजा, उन्होंने यह निर्णय लिया है कि कांग्रेस पार्टी किशनगंज से चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। दूसरे चरण के लोकसभा चुनाव में बिहार की पांच सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर और बांका में तीन सीट कांग्रेस जबकि दो सीट आरजेडी लड़ रही है।

## बिहार की 120 रूटों पर जल्द शुरू होगा नई बसों का परिचालन

**पटना।** बिहार में 120 रूटों पर नई बसें चलाने की योजना है। इन मार्गों पर 376 बसों की आवश्यकता बताई गई है। बसों के परिचालन को लेकर परिवहन विभाग ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। हालांकि, भविष्य में अन्य मार्गों पर भी जरूरत के अनुसार बसों के परिचालन की योजना है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम ने बसों के परिचालन को लेकर विस्तृत कार्ययोजना बनाई है। पिछले दिनों वाहन मालिकों को इसके लिए आमंत्रित भी किया गया था। इन रूटों पर बसों के परिचालन को लेकर रिक्तियों को सार्वजनिक किया गया है। इन रूटों पर 2 से 21 तक बसें चलाने की योजना है। कुछ रूटों पर 4, 6, 8, 10, 13, 16 बसों की जरूरत बताई गई है। ये सभी रूट राज्य के अंदर के हैं और विभिन्न जिलों को आपस में जोड़ते हैं। यही नहीं इसमें लगभग सारे प्रमुख शहरों को अन्य शहरों या जिला मुख्यालय से जोड़ने की योजना है। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण छोटे शहर भी हैं, जहां बसों के परिचालन की जरूरत महसूस की गई थी। पिछले दिनों राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश में बसों के परिचालन को लेकर आम लोगों की जरूरतों का आकलन किया था। इसी आधार पर इन मार्गों का चयन किया गया है। ये सारे मार्ग निगम के अधिसूचित मार्ग हैं।

## गांधी मैदान में सामूहिक रूप से अदा की गई ईद की नमाज

**पटना, अमृतवर्षा सं.।** बिहार समेत पूरे देश में गुरुवार को ईद का त्यौहार मनाया गया। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा की गई। इस अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की गांधी मैदान पहुंचे। उन्होंने ईद के मौके पर बिहार और देशवासियों को मुबारकबाद दी। सभी लोगों ने नमाज अदा करके एक दूसरे को गले लगाया और बधाईयां दीं। मुख्यमंत्री ने कहा की ईद के मौके पर प्रदेश एवं देशवासियों को तथा विशेषकर मुस्लिम भाई-बहनों को शुभकामनाएं। खुदा इस मुबारक दिन पर हम सब पर अपनी रहमतों की बारिश करें और राज्य में सुख, शांति एवं समृद्धि आए। ईद की नमाज अपना विशेष महत्व रखता है। ईद की नमाज में अपनी दुआ पढ़ी जाती है, अपने परिवार के सुख शांति के साथ-साथ मुल्क की सलामती के लिए दुआ पढ़ी जाती है, उसके बाद नमाज के दौरान अपने गुनाहों से माफी मांगी जाती है कि अपने किए गए कार्यों से जो गुनाह हुआ है उसे अल्लाह माफ करेंगे। गौरतलब है कि



ईद को लेकर बिहार के सभी जिलों में पुलिस को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गये हैं। पुलिस मुख्यालय के स्तर से सभी जिला पुलिस को अलर्ट रहने को कहा गया है। एक दर्जन से अधिक जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी गयी है। इनमें पटना, नालंदा, गया, नवादा, पूर्णिया, बिहारशरीफ, भागलपुर, मधुबनी, दरभंगा और पूर्वी चंपारण आदि शामिल हैं। इसके साथ ही असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने के साथ ही इंटरनेट मीडिया पर भी विशेष नजर रखने का निर्देश दिया गया है। सभी जिलों को मिश्रित आबादी वाले इलाकों और संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करने को कहा गया है। इसके साथ ही बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस, लाठी बल और क्विक रिस्पांस टीम को भी जगह-जगह प्रतिनियुक्त किया गया है।

### मसौढ़ी में अकीदत से अदा की गई ईद की नमाज, लोगों ने गले मिलकर दी मुबारकबाद

**मसौढ़ी, अमृतवर्षा सं.।** राजधानी के मसौढ़ी अनुमंडल अंतर्गत गांधी मैदान में ईद-उल-फितर के मौके पर अकीदतमंदो ने सामूहिक रूप से इबादतगांहो में ईद की पाक नमाज अदा की गई। मसौढ़ी में कड़ी सुरक्षा के बीच गांधी मैदान में ईद की नमाज अदा की गई। जहां पर पूरे मसौढ़ी के मुस्लिम समुदाय के लोग गांधी मैदान में एकजुट हुए। इस मौके पर



अनुमंडल पुलिस प्रशासन की ओर से भी भारी संख्या में मौजूदगी दिखी। ईद के मौके पर पूरी दुनिया में जश्न का माहौल है। ईदगाहों व मस्जिदों पर सुबह से ही लोगों की भीड़ दिखी। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस तैनात रही। बड़ों के साथ ही बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सभी ईदगाहों व मस्जिदों पर सुबह से ही नमाजियों की भीड़ दिखी। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ की खासकर मसौढ़ी के गांधी मैदान में सामूहिक ईद की नमाज पढ़ी गई। अल्लाह की इबादत में देश की तरक्की के साथ अमन चैन और भाईचारों की दुआ मांगी। नमाजियों की सबसे ज्यादा भीड़ मसूरी के गांधी मैदान में उमड़ी। उसके बाद कर्बला और मस्जिद में तादाद के बीच लोगों नमाज अदा की। सभी जगह नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे से गले मिलकर त्योहारों की मुबारकबाद दी। इन लोगों ने अपने सारे गुनाहों को कुबूल करते हुए तौबा करने के लिए अपने अल्लाह ताला से माफी की इबादत की। ऐसी मान्यता है कि पवित्र कुरान रमजान महीने में ही पहली बार उतारी गई थी। पैगंबर मोहम्मद के मक्का जाने के बाद मदीना में ईद का उत्सव शुरू हुआ था।इसके अलावे पुरानी बाजार तारेगना गंगाचक मलिकाना नदवा असरगंज चंदा पर मस्जिद ईदगाह में नमाज पढ़ी गई।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं: क्र.सं.: 1- ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2024-01, कार्य का नामः बीएसबीएस (बनारस) यार्ड में बन्द समपार सं. 3 पर 6.00 मीटर चौड़े पुल ओवर पुल का प्रावधान, अनुमानित लागत (₹): ₹5,18,97,041/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹): ₹4,09,500/-, क्र.सं.- 2- ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2024-02, कार्य का नामः वाराणसी-हरदतपुर के मध्य किमी. 209/5-6 पर समपार सं. 4 पर आरयूबी का प्रावधान, अनुमानित लागत (₹): ₹6,90,74,219/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹): ₹4,95,400/-, निविदा बन्द होने की तिथि: क्र. सं.- 1 एवं 2- के लिये- 02.06.2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: क्र. सं.: 1 एवं 2- के लिये- 09 माह। नोटः • निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2024-01 से एनईआर-बीएसबी-2024-02 दिनांक 02.06.2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी.)

मुजावि/डब्ल्यू-11 वाराणसी

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

# संपादकीय

## अमृतवर्षा संपादकीय

### संरचना में बदलाव समय की मांग

इंटरनेट के युग में बड़े-बड़े दावे कुछ ही घंटों में खत्म हो जाते हैं। पिछले हफ्ते केरल के उद्योग एवं विधि मंत्री पी. राजीव ने पानी की कमी से जूझ रही बंगलूरू की आईटी कंपनियों को केरल आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 'केरल में छोटी-बड़ी 44 नदियां हैं और यहां पानी की कोई समस्या नहीं है।' लेकिन यह जुमला ज्यादा देर तक नहीं चल सका, क्योंकि आपूर्ति और मांग के बीच के अंतर की वास्तविकता जल्द सामने आ गई। मंत्री के दावों के तीन दिनों के भीतर ही 'कोच्चि में बंगलूरू जैसे दिन' की खबरें सुर्खियां बनीं और तिरुवनंतपुरम के लोगों ने नलों के सूखने की शिकायत की।

देश का शायद ही कोई ऐसा शहर हो, जहां लोगों को पानी की कमी और टैंकर माफिया के अत्याचार का सामना न करना पड़ता हो। आप गूगल पर पानी की कटौती वाले शहरों और टैंकर से जलापूर्ति करने वालों का पता लगा सकते हैं। लखनऊ में भूजल स्तर गिरने के कारण 49 इलाकों में पुराने कुओं को पुनर्जीवित किया जा रहा है। वाराणसी में जल संरक्षण और जल निकायों को संरक्षित करने के लिए घर-घर 'जल तीर्थ' नामक अभियान चलाया जा रहा है। विश्व जल दिवस पर अमर उजाला ने 'गंगा किनारे, प्यासी काशी' शीर्षक से खबर प्रकाशित की, जिसमें गिरते भूजल स्तर के बारे में बताया गया था। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली या पर्यटन केंद्र जयपुर की स्थिति भी बहुत अलग नहीं है।

मुंबई के लोगों ने घोषित और अघोषित जल कटौती को सामान्य मान लिया है। स्टार्ट-अप के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरते पुणे में बीस मंजिल से ज्यादा ऊंचे टावर बन रहे हैं, जबकि मौजूदा कॉलोनियां जल संकट से जूझ रही हैं। थाणे-रायगढ़-पनवेल इलाके में गृह स्वामियों को एक घंटे की जलापूर्ति से काम चलाना होगा और टैंकर का प्रदूषित पानी लेना होगा। ऐसे में, क्या पानी की गारंटी के लिए रियल एस्टेट (विनियमन एवं विकास) अधिनियम में संशोधन करने की आवश्यकता है? याद रखिए, ये शहर भारत के विकास की कहानी को ताकत प्रदान कर रहे हैं। राजनीतिक रूप से, 543 लोकसभा सीटों में से 100 सीटें शहरी प्रकृति की हैं, फिर भी जल संकट राजनीतिक चर्चा या मौजूदा चुनाव प्रचार में कोई मुद्दा नहीं है। अपनी पुस्तक एक्सीडेंटल इंडिया में मैंने बताया है कि पानी एक मौन संकट है, जिसे समाधान की प्रतीक्षा है। नीति आयोग ने 2018 की अपनी रिपोर्ट में कहा है कि '21 प्रमुख शहरों में भूजल स्तर शून्य के करीब पहुंचने वाला है, जिससे 10 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित होंगे।' मेरी दूसरी पुस्तक, द गेटेड रिपब्लिक में संकट की सीमा, सार्वजनिक विफलताओं व निजी समाधानों और सरकारी प्रावधान से हटकर भुगतान सेवाओं की ओर स्थानांतरण का वर्णन किया गया है। विडंबना यह है कि अब भुगतान करके सुविधाएं हासिल करने वाला समुदाय भी पीड़ित है।

ऐसे संकट के दृश्य सभी शहरों में दिख रहे हैं। अधिकांश शहरों में सुबह-सुबह पानी के टैंकर आवासीय इलाकों में पहुंचते हैं। मुंबई में वी.एस. मार्ग पर टैंकर आपूर्तिकर्ता आरओ-उपचारित या फिल्टर किए गए पानी की पेशकश करते देखे जा सकते हैं। शहरी बस्तियों में बोतलबंद पानी कंपनियों ने इस मौके का लाभ उठाया है। सच यह है कि भारत में शहरीकरण अनियोजित ढंग से हुआ है। भारत का हर शहर ग्रामीण इलाकों में स्थित जलाशयों पर निर्भर है, जो अक्सर 50 से 100 किलोमीटर के बीच होता है। बंगलूरू मृत जलाशय और सौ किलोमीटर दूर कावेरी नदी से पानी प्राप्त करता है। चेन्नई चोलावरम और वीरन्नम झील से पानी लेता है। दिल्ली भूजल और सोनिया विहार जल उपचार संयंत्र पर निर्भर है, जो गंगा और यमुना का पानी लेता है। मुंबई 150 किलोमीटर दूर ऊपरी वैतरणा सहित सात झीलों पर निर्भर है।

खराब उपलब्धता और अव्यवस्थित प्रबंधन के कारण जल संकट बना हुआ है। भारत के पास वैश्विक आबादी का लगभग 16 प्रतिशत और जल संसाधनों का चार प्रतिशत है। भारत की जनसंख्या चीन जितनी ही बड़ी है, लेकिन विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, मीठे जल की प्रति व्यक्ति उपलब्धता भारत में चीन से आधी है। भारत में सालाना 3,880 अरब घन मीटर वर्षा होती है, लेकिन यह मुश्किल से 1,999 अरब घन मीटर का ही लाभ उठा पाता है। देश में करीब 249 अरब घन मीटर भूजल का दोहन किया जाता है, मगर उसमें से 89 फीसदी का उपयोग खेती में ही होता है। साफ है कि नीति निमार्ताओं को उपलब्धता और प्रबंधन की खामियों पर ध्यान देना चाहिए। अध्ययन या समाधान की कोई कमी नहीं है। खाद्य उत्पादन के उपयोग की दक्षता में सुधार लाने पर प्राथमिक रूप से जोर देना जरूरी है। 'प्रति बूंद ज्यादा फसल' की थीम से परे फिर से फसल मानचित्र तैयार करने की जरूरत है। उदाहरण के लिए, पानी की कमी वाले क्षेत्रों में धान या गन्ने की खेती को बंद करना होगा। इससे खेती में पानी के असंतुलित और अत्यधिक उपयोग से निजात मिलेगी।

पानी के उपयोग को फिर से आकार देने और रीसाइक्लिंग करने की भी आवश्यकता है। दो वैश्विक उदाहरण ध्यान देने योग्य हैं। वर्ष 2019 में सिंगापुर ने 2030 तक अपने 70 फीसदी पानी को रीसाइकिल करने का लक्ष्य रखा था। यह द्वीपीय देश प्रतिदिन लगभग 90 लाख गैलन पानी की बचत का भी लक्ष्य बना रहा है। बेशक, सिंगापुर एक छोटा देश है, लेकिन पानी की रीसाइक्लिंग के इसके प्रयास शहरी भारत के लिए आदर्श हो सकते हैं। दूसरा मामला इस्राइल का है, जो पानी की कमी वाले भौगोलिक क्षेत्र में है। यहां की 70 फीसदी से ज्यादा फसलों की ड्रिप सिंचाई होती है। पानी को लवण से मुक्त करने वाले इसके संयंत्र सालाना 70 करोड़ घन मीटर पानी का उत्पादन करते हैं, जिसमें से करीब 20 करोड़ घन मीटर पानी यह जॉर्डन को निर्यात करता है।

इस्राइल ने 2030 तक सालाना 1.2 अरब घन मीटर पानी को लवण मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। भारत में अभी पानी को लवण मुक्त करने वाले चार संयंत्र हैं, 7,500 किलोमीटर से अधिक लंबी तटरेखा के साथ भारत भी इस समाधान का लाभ उठा सकता है। सच है कि उपलब्धता में सुधार और प्रबंधन में बदलाव के लिए नए घटकों और संसाधनों की आवश्यकता होती है। पर यह भी उतना ही सच है कि 100 खरब डॉलर की जीडीपी की आकांक्षा को बनाए रखने के लिए इन संरचनात्मक परिवर्तनों की आवश्यकता है। और इसमें निवेश से रोजगार सृजन, आय और विकास को बढ़ावा मिलेगा।

**संस्थापक संपादक: स्व. पारसनाथ तिवारी**
स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक रीता तिवारी,मुद्रक कुंज बिहारी के द्वारा आर डी प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा. लि., प्लॉट नं- सी 16-17 पाटलिपुत्र इंडस्ट्रियल एरिया, पटना-800013 से मुद्रित व B-14 जगत भवानी अपार्टमेंट, एसपी सिन्हा लेन, बोरिंग कैनाल रोड, पटना-1 से प्रकाशित
संपादक-बन बिहारी
दूरभाष - 9905463571, 8757425017, धनबाद
कार्यालय: मास्टर पाड़ा जे.सी. मल्लिक रोड, हीरापुर, धनबाद
दूरभाष - 2204991, दिल्ली कार्यालय: बी-49, जैन मंदिर गली, शकरपुर मेन मार्केट, दिल्ली-110092, फोन नं.- 011-22055208, आर.एन.आई नं. 44420/87
ईमेल: amritvarshanews2015@gmail.com

# राजस्थान का प्रमुख लोक पर्व है गणगौर

राजस्थान का नाम सुनते ही मन खुशी से झूम उठता है। राजस्थान के पर्व त्योहार अपने आप में अलग ही महत्व रखतें हैं। राजस्थानी परम्परा के लोकोत्सव अपने में एक विरासत को संजोए हुए हैं। राजस्थान को देव भूमि कहा जाय तो गलत नहीं होगा। यहां सभी सम्प्रदाय फले फूले हैं। यहाँ के शासकों ने विश्व कल्याण की भवना से अभिभूत होकर लोक मान्यताओं का सम्मान किया है। इसी कारण यहां सभी देवी देवताओं के उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये जाते हैं। गणगौर का उत्सव भी ऐसा ही लोकोत्सव है। जिसकी पृष्ठ भूमि पौराणिक है। समय के प्रभाव से उनमें शास्त्राचार के स्थान पर लोकाचार हावी हो गया है। परन्तु भाव भंगिमा में कोई कमी नहीं आई है। गणगौर भी राजस्थान का ऐसा ही एक प्रमुख लोक पर्व है। लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलतः कुंवारी लड़कियों व महिलाओं का त्यौंहार है। राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हो गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। विवाहिता एंव कुवारी सभी आयु वर्ग की महिलायें गणगौर की पूजा करती है। गणगौर शब्द भगवान शिव और पार्वती के नाम से बना है। गण यानि भगवान शिव और गौर यानि पार्वती। इसलिए शिव-पार्वती की पूजा के रूप में इस त्यौहार को मनाया जाता है। होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक लड़कियां प्रतिदिन प्रातः काल ईसर-गणगौर को पूजती हैं। जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती है। इसी कारण इसे सुहागपर्व भी कहा जाता है। कहा जाता है कि चैत्र शुक्ला तृतीया को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है। गणगौर व्रत गौरी तृतीया चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि को किया जाता है। इस व्रत का राजस्थान में बड़ा महत्व है। कहते हैं इसी व्रत के दिन देवी पार्वती ने अपनी उंगली से रक्त निकालकर महिलाओं को सुहाग बांटा था। इसलिए महिलाएं इस दिन गणगौर की पूजा करती हैं। राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है। ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है। इनको देखने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैनानी उमड़ते हैं। सभी उत्साह से भाग लेते

> **राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है। ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है**

हैं। इस उत्सव पर एकत्रित भीड़ जिस श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुशासन में बंधी गणगौर की जय-जयकार करती हुई भारत की सांस्कृतिक परम्परा का निर्वाह करती है उसे देख कर अन्य धर्मावलम्बी भी इस संस्कृति के प्रति श्रद्धा भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं। ढूंढाड़ की भांति ही मेवाड़, हाड़ौती, शेखावाटी सहित इस मरुधर प्रदेश के विशाल नगरों में ही नहीं बल्कि गांव-गांव में गणगौर पर्व मनाया जाता है एवं ईसर-गणगौर के गीतों से हर घर गुंजायमान रहता है। कामदेव मदन की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भष्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की। रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुनः जीवित कर दिया तथा विष्णुलोक जाने का वरदान दिया। उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जाता है। गणगौर पर्व पर विवाह के समस्त नेगचार व रस्में की जाती है। होलिका दहन के दूसरे दिन गणगौर पूजने वाली लड़कियां होली दहन



की राख लाकर उसके आठ पिण्ड बनाती हैं एवं आठ पिण्ड गोबर के बनाती हैं। उन्हें दूब पर रखकर प्रतिदिन पूजा करती हुई दीवार पर एक काजल व एक रोली की टिकी लगाती हैं। शीतलाष्टमी तक इन पिण्डों को पूजा जाता है। फिर मिट्टी से ईसर गणगौर की मूर्तियां बनाकर उन्हें पूजती हैं। लड़कियां प्रातः ब्रह्ममुहुर्त में गणगौर पूजते हुये गीत गाती हैं:- गौर ये गणगोर माता खोल किवाड़ी, छोरी खड़ी है तन पूजण वाली। गीत गाने के बाद लड़कियां गणगौर की कहानी सुनती है। दोपहर को गणगौर के भोग लगाया जाता है तथा कुए से लाकर पानी पिलाया जाता है। लड़कियां कुए से ताजा पानी लेकर गीत गाती हुई आती हैं:- म्हारी गौर तिसाई ओ राज घाट्यारी मुकुट करो, बीरमदासजी रो ईसर ओराज, घाटी री मुकुट करो, म्हारी गौरल न थोड़ो पानी पावो जी राज घाटीरी मुकुट करो। लड़कियां गीतों में गणगौर के प्यासी होने पर काफी चिन्तित लगती है एवं गणगौर को जल्दी से पानी पिलाना चाहती है। पानी पिलाने के बाद गणगौर को गेहूं चने से बनी घूघरी का प्रसाद लगाकर सबको बांटा जाता है और लड़कियां गीत गाती हैं:- म्हारा बाबाजी के माण्डी गणगौर, दादसरा जी के माण्ड्यो रंगरो झूमकड़ो, ल्यायोजी - ल्यायो ननद बाई का बीर, ल्यायो हजारी ढोला झुमकड़ो। रात को गणगौर की आरती की जाती है तथा लड़कियां नाचती हुई गाती हैं। गणगौर पूजन के मध्य आने वाले एक रविवार को लड़कियां उपवास करती हैं। प्रतिदिन शाम को क्रमवार हर लडकी के घर गणगौर ले जायी जाती है। जहां गणगौर का "बिन्दौरा" निकाला जाता है तथा घर के पुरुष लड़कियों को भेंट देते हैं। लड़कियां खुशी से झूमती हुई गाती हैं:- ईसरजी तो पेंचो बांध गोराबाई पेच संवार ओ राज म्हे ईसर थारी सालीछां। गणगौर विसर्जन के पहले दिन गणगौर का सिंजारा किया जाता है। लड़कियां मेहन्दी रचाती हैं। नये कपड़े पहनती हैं, घर में पकवान बनाये जाते हैं। सत्रहवें दिन लड़कियां नदी, तालाब, कुए, बावड़ी में ईसर गणगौर को विसर्जित कर विदाई देती हुई दुःखी हो गाती हैं:- गोरल ये तू आवड़ देख बावड़ देख तन बाई रोवा याद कर। गणगौर की विदाई का बाद कई महिनो तक त्यौहार नहीं आते इसलिए कहा गया है-"तीज त्यौहारा बावड़ी ले डूबी गणगौर"। अर्थात जो त्यौहार तीज (श्रावणमास) से प्रारम्भ होते हैं उन्हें गणगौर ले जाती है। ईसर-गणगौर को शिव पार्वती का रूप मानकर ही बालाऐं उनका पूजन करती हैं। गणगौर के बाद बसन्त ऋतु की विदाई व ग्रीष्म ऋतु की शुरूआत होती है। दूर प्रान्तों में रहने वाले युवक गणगौर के पर्व पर अपनी नव विवाहित प्रियतमा से मिलने अवश्य आते हैं। जिस गोरी का साजन इस त्यौहार पर भी घर नहीं आता वो सजनी नाराजगी से अपनी सास को उलाहना देती है। "सासू भलरक जायो ये निकल गई गणगौर, मोल्यो मोड़ों आयो रे"। हमें आज आवश्यकता है इस लोकोत्सव को अच्छे वातावरण में मनाये। हमारी प्राचीन परम्परा को अक्षुण बनाये रखे।

इसका दायित्व है उन सभी सांस्कृतिक परम्परा के प्रेमियों पर है जिनका इससे लगाव है। जो ऐसे पर्वो को सिर्फ पर्यटक व्यवसाय की दृष्टि से न देखकर भारत के सांस्कृतिक विकास की दृष्टि से देखने के हिमायती हैं। अब राजस्थान पर्यटन विभाग की वजह से हर साल मनाए जाने वाले इस गणगौर उत्सव में शामिल होने कई देशी-विदेशी पर्यटक भी पहुँचने लगे हैं।

# नौ शक्तियों का मिलन पर्व है नवरात्रि

भारतीय समाज में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरूआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरूआत 9 अप्रैल से हो चुकी है, जिसका समापन रामनवमी के दिन 17 अप्रैल को होगा। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया। मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में

> **मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है**

कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है। चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुईं अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया



नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं। दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यो को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है। दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड़ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है। नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय 8 वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्जवल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है। यह एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए हुए हैं। गायन और संगीत से प्रसन्न होने वाली 'महागौरी' सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं। नवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं।

# लोकसभा चुनाव में एक नये अध्याय की शुरूआत हो

लोकसभा चुनाव में चुनावी मैदान सज गया है, सभी राजनीतिक दलों में एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला हमेशा की तरह परवान चढ़ने लगा है। राजनीति में स्वच्छता, नैतिकता एवं मूल्यों की स्थापना के तमाम दावों के अनैतिकता, दल-बदल, आरोप-प्रत्यारोप की हिंसक मानसिकता पसरी है। राजनेता दलबदल की ताल ठोक रहे हैं। दलबदलुओं को टिकट देने में कोई दल पीछे नहीं रहा, क्योंकि सवाल, येन-केन-प्रकारेण चुनाव जीतने तक जो सीमित रह गया है। सिद्धांतों और राजनीतिक मूल्यों की परवाह कम ही लोगों को रह गई है। चुनावी राजनीति देश के माहौल में कड़वाहट घोलने का काम भी कर रही है। स्वस्थ एवं मूल्यपरक राजनीति को किनारे किया जा रहा है। राजनीति पूरी तरह से जातिवाद, बाहुबल और धनबल तक सिमट गई है। हालत यह है कि अब तक राजनीति दलों ने जिन प्रत्याशियों को उतारा है, उनमें आधे से अधिक दलबदलू, अपराधी अथवा दागी हैं। ऐसे में राजनीति के स्तर में सुधार की उम्मीद आखिर कौन, किससे करे? इस मुद्दे पर राजनीतिक दलों की चुप्पी तो समझ में आती है, लेकिन चुनाव आयोग की खामोशी समझ से परे है। लोकसभा चुनाव नेतृत्व चयन का ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण अवसर है, इस अवसर पर लाओत्जु ताओ ते चिंग की पुस्तक "द ताओ ऑफ लीडरशिप" राजनीति एवं राजनेताओं के लिये एक रोशनी है। यह एक अद्भुत, अद्वितीय एवं अप्रतिम कृति हैं जो नये युग के लिए नेतृत्व की रचनात्मक व्यूह रचना प्रस्तुत करती है। आज जबकि देश और दुनिया में सर्वत्र नेतृत्व के प्रश्न पर एक घना अंधेरा छाया हुआ है, निराशा और दायित्वहीनता की चरम पराकाष्ठा ने राजनीति एवं नेतृत्व को जटिल दौर में लाकर खड़ा कर दिया है। समाज और राष्ट्र के समुचे परिदृश्य पर जब हम दृष्टि डालते हैं तो हमें जिन विषम और जटिल परिस्थितियों से रू-ब-रू होना पड़ता है, उन विषम हालातों के बीच ठीक से राह दिखाने वाला कोई नेतृत्व नजर नहीं आता। यह मान लेने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए कि लोकतंत्र धुंधलका सब देख रहे हैं, लेकिन खामोशी के साथ। शायद सबकी अपनी-अपनी मजबूरियां हैं। मतदाता की मजबूरी यह है कि आखिर उसे मैदान में डटे उम्मीदवारों में से ही एक को चुनना है। इस देश ने महंगाई, बेरोजगारी, महिला अपराध, गरीबी, साम्प्रदायिकता के खिलाफ भी जनता को सड़कों पर उतरते देखा है लेकिन राजनीति में टकराव, अपराध, देश-विरोध और हिंसा की राजनीति के खिलाफ कभी कोई आंदोलन नहीं हुआ। चुनाव आयोग की अपनी सीमाएं हो सकती हैं, लेकिन जेल में बैठे-बैठे लोग चुनाव लड़ भी लेते हैं और जीत भी जाते हैं। खलनायक नायक बनने लगे हैं। चुनाव लड़ने के लिए अधिकतम खर्च की सीमा सरेआम ध्वस्त होती है, लेकिन आयोग कुछ कर नहीं पाता। चुनाव प्रचार के दौरान अपशब्दों का उच्चारण-



गालीगलोच खुल्लम-खुल्ला होता है, लेकिन आयोग नोटिस देकर ही अपने दायित्व से मुक्त हो जाता है। मतदाताओं के वोट खरीदने के लिए उन्हें सरेआम पैसे ही नहीं शराब तक बांटी जाती है, लेकिन किसी उम्मीदवार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। जनता राजनीति के गिरते स्तर से त्रस्त तो है, लेकिन उसके खिलाफ आवाज नहीं उठाती। इन लोकसभा चुनाव में यह चुप्पी टूटनी चाहिए और आजादी के अमृतकाल को अमृममय बनाने वाला नेतृत्व सामने आना चाहिए। ऐसा नेतृत्व जो देश को अग्रणी आर्थिक महाशक्ति के रूप में ले जाये एवं विकास की स्वर्णिम गाथा को गढ़े।

एक सफल, सार्थक, समर्थ एवं चरित्र सम्पन्न विपक्षी नेतृत्व की आवश्यकता हर दौर में रही है, लेकिन आज यह ज्यादा तीव्रता से महसूस की जा रही है। विपक्षी नेतृत्व कैसा हो, उसका अपना साथियों के साथ-साथ सत्तापक्ष के साथ कैसा सलूक हो? उसमें क्या हो, क्या न हो? वह क्या करे, क्यों करे, कब करे, कैसे करे? इत्यादि कुछ जटिल एवं गंभीर प्रश्न हैं जिनके जवाब ढूंढ़े बिना हम एक सक्षम विपक्षी नेतृत्व को उजागर नहीं कर सकते।

इन प्रश्नों के उत्तरों की कसौटी पर ही हमें आने वाले सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के नेतृत्व को कसना होगा। जिस नेतृत्व के पास इन प्रश्नों के उत्तर होंगे, जो समयज्ञ होगा, सहिष्णु होगा, तटस्थ होगा, दूरदर्शी होगा, निःस्वार्थी होगा, वैसा ही नेतृत्व जिस राष्ट्र को प्राप्त होगा, उसकी प्रगति को संसार की कोई शक्ति बाधित नहीं कर सकेगी। ऐसा ही नेतृत्व नया इतिहास बना सकेगा और भावी पीढ़ी को उन्नत दिशाओं की ओर अग्रसर कर सकेगा। आज चुनाव प्रचार में जिस तरह की आरोप-प्रत्यारोप की हिंसक संस्कृति पनपी है, एक दूसरे पर जूते-चप्पल फेंके जाते है, पत्थर से हमला किया जाता है, छोटी-छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी और हंगामा आदि घटनाएं ऐसी है जो नेतृत्व को धुंधलाती है। नेतृत्व को लेकर लोगों की मानसिकता में बहुत बदलाव आया है, आज योग्य नेतृत्व की प्यासी परिस्थितियां तो हैं, लेकिन बदकिस्मती से अपेक्षित नेतृत्व नहीं हैं। जलाशय है, जल नहीं है। नगर है, नागरिक नहीं है। भूख है, रोटी नहीं है-ऐसे में हमें सोचना होगा कि क्या नेतृत्व की इस अप्रत्याशित रिक्तता को भरा जा सकता है? क्या राष्ट्र के सामने आज जो भयावह एवं विकट संकट और दुविधा है उससे छुटकारा मिल सकता है? हालही में नेतृत्व के प्रश्न पर एक करारा व्यंग्य पढ़ा था-'देश और ट्रेन में यही अंतर है कि ट्रेन को लापरवाही से नहीं चलाया जा सकता।' यानी देश के संचालन में की गई लापरवाही तो क्षम्य हैं पर ट्रेन के पटरी से उतरने में की गई लापरवाही क्षम्य नहीं, क्योंकि इसके साथ आदमी की जिंदगी का सवाल जुड़ा है। मगर हम यह न भूलें कि देश का नेतृत्व अपने सिद्धांतों और आदर्शों की पटरी से जिस दिन उतर गया तो पूरी इन्सानियत एवं राष्ट्रीयता की बरबादी का सवाल उठ खड़ा होगा। आज देश में लोकतांत्रिक, सांस्कृतिक, नैतिक जीवन-मूल्यों के मानक बदल गये हैं न्याय, कानून और व्यवस्था के उद्देश्य अब नई व्याख्या देने लगे हैं। चरित्र हासिए पर आ गया, सत्ता केन्द्र में आ खड़ी हुई। ऐसे समय में कुर्सी पाने की दौड़ में लोग जिम्मेदारियां नहीं बांटते, चरित्र बांटने लगते हैं और जिस देश का चरित्र बिकाऊ हो जाता है उसकी आत्मा को फिर कैसे जिन्दा रखा जाए, चिन्तनीय प्रश्न उठा खड़ा हुआ है। आज कौन अपने दायित्व के प्रति जिम्मेदार है? कौन नीतियों के प्रति ईमानदार है? इस संदर्भ में आचार्य तुलसी का कथन यथार्थ का उद्घाटन करता है कि "ऐसा लगता है कि राजनीतिज्ञ का अर्थ देश में सुव्यवस्था बनाए रखना नहीं, अपनी सत्ता और कुर्सी बनाए रखना है। राजनीतिज्ञ का अर्थ उस नीतिनिपुण व्यक्तित्व से नहीं, जो हर कीमत पर राष्ट्र की प्रगति, विकास-विस्तार और समृद्धि को सर्वोपरि महत्व दें, किन्तु उस विदूषक-विशारद व्यक्तित्व से है, जो राष्ट्र के विकास और समृद्धि को अवनति के गर्त में फेंककर भी अपनी कुर्सी को सर्वोपरि महत्व देता है।" राजनैतिक लोगों से महात्मा बनने की उम्मीद तो नहीं की जा सकती, पर वे पशुता पर उतर आएं, यह ठीक नहीं है।

वर्तमान विपक्षी नेतृत्व की सबसे बड़ी विसंगति और विषमता यह है कि वह परदोषदर्शी है, जो सत्तापक्ष की अच्छाई में भी बुराई देखने वाले हैं। यह नेतृत्व कुटिल है, मायाबी है, नेता नहीं, अभिनेता है, असली पात्र नहीं, विदूषक की भूमिका निभाने वाला है। यह नेतृत्व सत्ता- प्राप्ति के लिये कुछ भी करने से बाज नहीं आता, यहां तक जिस जनता के कंधों पर बैठकर सत्ता तक पहुंचने के लिये जैसी राजनीति यह कर रहा है, घोषणा-पत्रों में जनता को ठगने एवं लुभाने के जो प्रयास हो रहे हैं, वे एक तरह से जनता की पीठ में भी सबसे पहले छुरा भोंकते हुए प्रतीत होते हैं।

## वाशिंगटन में भीड़ पर गोलीबारी, एक व्यक्ति की मौत और पांच घायल



पटना, शुक्रवार, 12 अप्रैल, 2024



**वाशिंगटन, (एजेंसी)।** अमेरिका की राजधानी में बुधवार को गोलीबारी हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो बच्चों सहित पांच अन्य लोग घायल हो गए। मेट्रोपोलिटन पुलिस विभाग की प्रमुख पामेला स्मिथ ने बताया कि वॉशिंगटन के कार्वर लैंग्सटन में शाम छह बजे के बाद गोलीबारी हुई थी। जांचकताओं के अनुसार, कुछ संदिग्ध व्यक्ति एक वाहन से बाहर आये, फिर उन्होंने सड़क पर खड़े लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। स्मिथ ने बताया कि इस गोलीबारी में एक व्यस्क व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो पुरुष, एक महिला और नौ वर्षीय एक बच्चा घायल हो गये।

# 53 में से मिले 41 वोट, यूएन में भारत की ग्रैंड विक्ट्री

## मच गया तहलका, जयशंकर ने खास अंदाज में की सराहना

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र में भारत को बड़ी सफलता मिली है। 9 अप्रैल को इंटरनेशनल नॉरकोटिस कंट्रोल बोर्ड के चुनाव में भारत की जगजीत पवाडिया ने जीत हासिल की है। उन्हें यूनाइटेड नेशन इकोनॉमिक एंड सोशल काउंसिल द्वारा आयोजित चुनाव में सबसे अधिक वोट प्राप्त हुए हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि भारत को इकोनॉमिक एंड सोशल काउंसिल के कुल 53 सदस्यों में से 41 वोट मिले हैं। जो सभी विजेता सदस्यों में सबसे अधिक हैं। दूसरे स्थान पर रहे उम्मीदवार को केवल 30 वोट मिले हैं। बता दें कि जगजीत पवाडिया ने 2019 में भी जीत हासिल की थी। उन्होंने अपनी प्रतिद्वंदी चीन के हाउ वेई को हराकर रिकॉर्ड वोटों से जीत हासिल की थी। इस बार भी उनकी जीत से चीन को कड़ा झटका लगा है। हालांकि जगजीत पवाडिया की ये जीत इसलिए भी बड़ी मानी जा रही है क्योंकि वो साल 2015 से ही नॉरकोटिस कंट्रोल बोर्ड की सदस्य हैं। भारत को 2025 से



2029 तक की अवधि के लिए 'कमीशन ऑन स्टेटस ऑफ विमेन' (महिलाओं की स्थिति पर आयोग) के लिए भी चुना गया। 2025-2027 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र बाल कोष के कार्यकारी बोर्ड, 2025-2027 के लिए परियोजना सेवाओं के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम एवं संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के कार्यकारी बोर्ड में भी भारत को चुना गया है। इसके अलावा भारत को 2025 से 2027 तक के कार्यकाल के लिए लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तीकरण के लिए संयुक्त राष्ट्र इकाई के कार्यकारी बोर्ड और 2025-2027 कार्यकाल के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम के कार्यकारी बोर्ड के लिए भी चुना गया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स एक पोस्ट में कहा कि भारत की उम्मीदवार जगजीत पवाडिया को न्यूयॉर्क में हुए चुनावों में 2025 से 2030 की अवधि के लिए अंतरराष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड के लिए फिर से चुना गया। उन्होंने कहा कि भारत ने बोर्ड के सभी निर्वाचित सदस्य देशों के बीच सबसे अधिक वोट हासिल किए। विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन और विदेश मंत्रालय की टीम की सराहना की और कहा कि उन्होंने अच्छा काम किया।

## अपडेट न्यूज

### शहबाज शरीफ को लेकर जा रहे विमान को लाहौर की तरफ मोड़ा, अन्य यात्रियों को हुई असुविधा

**लाहौर, (एजेंसी)।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज और एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल को सऊदी अरब से वापस इस्लामाबाद लाने वाली पीआईए की उड़ान को लाहौर हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया, जिससे सैकड़ों अन्य यात्रियों को असुविधा हुई। मीडिया में आयी खबर में बुधवार को यह जानकारी दी गई। दिलचस्प है कि यह घटना हाल में प्रधानमंत्री शरीफ द्वारा उनके कार्यक्रमों में उनके लिए लाल कालीन बिछाने पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा के बाद हुई है। वीआईपी संस्कृति को खत्म करने और जन सेवा के दायरे में विनम्रता की संस्कृति को प्रोत्साहित करने का संकेत देने वाली प्रधानमंत्री की घोषणा ने काफी प्रशंसा अर्जित की थी। पीआईए प्रवक्ता के हवाले से 'डॉन' अखबार ने खबर दी कि जेद्दा से इस्लामाबाद के लिए रवाना पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) की उड़ान को सोमवार को लाहौर हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया और इस विमान से शरीफ और उनकी बेटी मरियम सऊदी अरब की यात्रा से वापस आ रही थीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 393 यात्रियों को ले जा रही उड़ान संख्या पीके 842 को सोमवार रात साढ़े 10 बजे इस्लामाबाद में उतरना था, लेकिन इसे यहां अल्लामा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की तरफ मोड़ दिया गया और विमान यहां रात 09:25 बजे उतरा। सूत्रों के हवाले से खबर में कहा गया है कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और अन्य अति विशिष्ट लोग लाहौर में उतरे, जिससे इस्लामाबाद जाने वाले सैकड़ों अन्य यात्रियों को असुविधा हुई। लगभग 79 यात्रियों को उतारने के बाद, उड़ान अंततः इस्लामाबाद के लिए रवाना हुई और रात साढ़े 10 बजे के बजाय 11:17 बजे इस्लामाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी। पिछले महीने पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने के बाद शरीफ अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत सऊदी अरब गये थे।

### सिडबी के प्रमुख पद पर मनोज मित्तल, नेशनल हाउसिंग बैंक के लिए संजय शुक्ला के नाम की सिफारिश

**नयी दिल्ली, (एजेंसी)।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के लिए निदेशकों का चयन करने वाले वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने सिडबी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक पद पर आईएफसीआई के प्रबंध निदेशक मनोज मित्तल के नाम की सिफारिश की है। इसके अलावा एफएसआईबी ने राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) के प्रबंध निदेशक के रूप में संजय शुक्ला के नाम की सिफारिश की है। ब्यूरो ने एक बयान में कहा कि एफएसआईबी ने नौ और 10 अप्रैल को 21 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया। बयान के अनुसार, ''साक्षात्कार उनके प्रदर्शन, उनके समग्र अनुभव और मौजूदा मापदंडों को ध्यान में रखते हुए सिडबी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पद के लिए मनोज मित्तल के नाम की सिफारिश की गयी है।'' मित्तल भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक के रूप में एस रमन की जगह लेंगे। भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा (आईए और एएस) के 1991 बैच के रमन अप्रैल, 2021 में तीन साल के लिए सिडबी से जुड़े थे। इससे पहले, मित्तल ने पहले 2016-2021 तक सिडबी में उप-प्रबंध निदेशक के रूप में काम किया था।

एक अलग बयान में, एफएसआईबी ने कहा कि दो दिन में 16 पात्र दावेदारों के साक्षात्कार के बाद शुक्ला को एनएचबी के प्रबंध निदेशक पद के लिए चुना गया है। वह वर्तमान में सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस में कार्यरत हैं। उन्होंने पहले एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस सहित विभिन्न निजी क्षेत्र के संगठनों में काम किया है। एफएसआईबी की सिफारिशों पर अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति लेगी। एफएसआईबी के प्रमुख कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के पूर्व सचिव भानु प्रताप शर्मा हैं।

### सीरिया में दूतावास पर हमले के लिए इजराइल को मिलनी चाहिए सजा, खामनेई ने कहा- ऐसा जल्द होगा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने बुधवार को कहा कि सीरिया में ईरानी दूतावास परिसर पर हमला करने के लिए इजराइल को दंडित किया जाना चाहिए और ऐसा किया जाएगा। क्षेत्रीय विरोधियों के साथ इजरायल के युद्ध में एक बड़ी वृद्धि में, संदिग्ध इजरायली युद्धक विमानों ने 1 अप्रैल को सीरियाई राजधानी में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर बमबारी की, जिसमें ईरान ने कहा कि सात सैन्य सलाहकार मारे गए। खामेनेई ने मुसलमानों के पवित्र महीने रमजान के अंत के अवसर पर एक भाषण में कहा कि जब वे वाणिज्य दूतावास पर हमला करते हैं, तो ऐसा लगता है जैसे उन्होंने हमारी धरती पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि दुष्ट शासन ने गलती की है और उसे दंडित किया जाना चाहिए, और ऐसा ही होगा। खामेनेई को स्पष्ट प्रतिक्रिया में, इजरायल के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने बुधवार को कहा कि अगर ईरान अपनी धरती से इजराइल पर हमला करता है तो इजराइल जवाब देगा।

काट्ज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अगर ईरान अपने क्षेत्र से हमला करता है, तो इजराइल जवाब देगा और ईरान पर हमला करेगा। ईरान उन समूहों का समर्थन करता है जो 7 अक्टूबर को हमास द्वारा दक्षिणी इजराइल पर हमले के बाद इजराइल द्वारा गाजा पर आक्रमण शुरू करने के बाद से पूरे क्षेत्र में मैदान में उतरे हैं।

### ब्रिटेन में वीजा शर्तों का उल्लंघन करने के आरोप में 12 भारतीय गिरफ्तार

**लंदन, (एजेंसी)।** ब्रिटेन के आव्रजन अधिकारियों ने वीजा शर्तों का उल्लंघन कर गद्दे तथा केक फैक्ट्री में अवैध रूप से काम करने के संदेह में 12 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है जिनमें 11 पुरुष और एक महिला हैं। ब्रिटेन के गृह कार्यालय द्वारा बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार, आव्रजन प्रवर्तन अधिकारियों ने इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में गद्दे के कारोबार से जुड़ी एक इकाई पर छापा मारा। अधिकारियों को खुफिया सूचना मिली थी कि वहां अवैध रूप से काम हो रहा है। बयान के अनुसार अधिकारियों ने अवैध रूप से काम करने के आरोप में सात भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

गृह कार्यालय के अनुसार चार और भारतीय नागरिकों को पास की एक केक फैक्ट्री से गिरफ्तार किया गया, जिन पर वीजा शर्तों के उल्लंघन का आरोप है। इसके अलावा एक भारतीय महिला को भी आव्रजन अपराधों के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि चार लोगों को ब्रिटेन से बाहर करने या भारत निर्वासित किए जाने पर विचार होने तकहिरासत में लिया गया है। वहीं शेष आठ लोगों को इस शर्त पर जमानत दी गई है कि वे नियमित रूप से गृह कार्यालय को रिपोर्ट करेंगे। इस बीच, यदि यह आरोप साबित हो जाता है कि संबंधित फैक्टरी में अवैध श्रमिकों को नियुक्त किया गया था और रोजगार-पूर्व जरूरी जांच नहीं करायी गयी थी तो दोनों इकाइयों को जुमार्ने का सामना करना पड़ सकता है।

## चीन, पाकिस्तान, राम मंदिर और मुसलमान, विरोधियों को खामोश करने वाला इंटरव्यू

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** अमेरिकी मैगजीन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक इंटरव्यू दिया जिसमें चीन और अर्थव्यवस्था के सवालों पर उन्होंने जवाब दिया है। एलएसी पर रिश्ते बेहतर बनाना जरूरी है। एलएसी से सटे इलाकों खासकर लद्दाख और अरुणाचल को लेकर पीएम मोदी ने चिंता जताई है। पीएम मोदी का मानना है कि इन इलाकों के विकास के लिए चीन के साथ रिश्तों को बेहतर बनाना जरूरी है। पीएम मोदी ने विदेशी मैगजीन को दिए इंटरव्यू में कहा कि सीमा पर शांति और स्थिरता बहाल करने के लिए दोनों देशों के रिश्ते बेहतर होने चाहिए। ये मेरा मानना है कि लंबे समय से चली आ रही सीमाओं की स्थिति पर तत्काल बातचीत करने की जरूरत है ताकी हमारी द्विपक्षीय बातचीत में मतभेंदों को पीछे छोड़ा जा सके। भारत और चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध न केवल दोनों देशों के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए अहम है। मुझे आशा और विश्वास है कि राजनयिक व सैन्य स्तर पर सकारात्मक और रचनात्मक




द्विपक्षीय जुड़ाव के माध्यम से हम अपनी सीमाओं पर शांति और स्थिरता बहाल करने और बनाए रखने में सक्षम होंगे। लद्दाख से लेकर अरुणाचल तक चीन की चालबाजियों को भारत न केवल गौर से देख रहा है बल्कि उसे नाकमयाब भी कर रहा है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि भारत में सभी धर्मों के लोग खुशी से रह रहे है। उन्होंने राम मंदिर और पाकिस्तान के साथ भारत के संबध पर भी चर्चा की है। पीएम मोदी से जब अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव को लेकर सवाल पूछा गया तो इसके जवाब में उन्होंने कहा कि भारत में सभी धर्मों के लोग खुश हैं और संपन्न हो रहे है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की आदत होती है कि वो अपने दायरे से बाहर के लोगों से मिलने की जहमत नहीं उठाते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि जब योजना बनाने और इनोवेशन की बात आती है तो सरकार एक अलग तरह के दृष्टिकोण से काम करती है। ये योजनाएं किसी विशेष समुदाय या किसी विशेष जगह तक सीमित नहीं होती है। इसे सभी लोगों तक पहुंचाया जाता है। इसे इस तरह से बनाया जाता है कि किसे के साथ भेदभाव नहीं हो सके। शौचालय, पानी कनेक्शन, गैस सिलेंडर और स्वास्थ्य बीमा योजना समुदाय और धर्म की परवाह किए बिना सभी लोगों तक पहुंच रही है।

पाकिस्तान के साथ संबंध को लेकर जब उनसे सवाल पूछा गया तो पीएम मोदी ने शहबाज शरीफ को पदभार संभालने पर बधाई दी और कहा कि भारत हमेशा आतंक और हिंसा से मुक्त माहौल में शांति और समृद्धि को बढ़ाने के समर्थन में रहा है। वहीं पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल में डाले जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के आतंरिक मामलों पर वो टिप्पणी नहीं करेंगे। राम मंदिर को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि श्री राम का नाम हमारे राष्ट्रीय चेतना पर दर्ज है। उनके जीवन ने हमारी सभ्यता में विचारों और मूल्यों की रुपरेखा तय की है।

## भारत-चीन सीमा संघर्ष पर बोले पीएम मोदी

### शांतिपूर्ण संबंध पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने के लिए विवादित भारत-चीन सीमा पर लंबे समय से चली आ रही स्थिति को तत्काल संबोधित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। न्यूजवीक पत्रिका के साथ एक साक्षात्कार में पीएम मोदी ने रेखांकित किया कि भारत और चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं।

पीएम मोदी के हवाले से कहा गया कि मेरा मानना है कि हमें अपनी सीमाओं पर लंबे समय से चल रही स्थिति को तत्काल संबोधित करने की जरूरत है ताकि हमारी द्विपक्षीय बातचीत में असामान्यता को पीछे छोड़ा जा सके। मुझे आशा और विश्वास है कि राजनयिक और सैन्य स्तरों पर सकारात्मक और रचनात्मक द्विपक्षीय जुड़ाव के माध्यम से, हम अपनी सीमाओं पर शांति और स्थिरता बहाल करने और बनाए रखने में सक्षम होंगे। चीन के साथ प्रतिस्पर्धा के विषय पर प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के आर्थिक सुधारों पर प्रकाश डाला और पड़ोसी देश से दूर अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने की चाहत रखने वाले व्यवसायों के लिए देश को एक आकर्षक विकल्प के रूप में स्थापित किया।

## सऊदी से इस्लामाबाद जा रहा था पीआईए का विमान, शहबाज ने लाहौर की तरफ अचानक क्यों मुड़वाया



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज और एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल को सऊदी अरब की यात्रा से वापस लेकर इस्लामाबाद जाने वाली पीआईए की उड़ान को लाहौर हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया, जिससे सैकड़ों अन्य यात्रियों को असुविधा हुई। दिलचस्प बात यह है कि यह घटना हाल ही में प्रधान मंत्री शरीफ द्वारा उनके पक्ष में कार्यक्रमों में रेड कार्पेट पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा के बाद हुई, जिसने वीआईपी संस्कृति को खत्म करने और जनता के दायरे में विनम्रता की संस्कृति को प्रोत्साहित करने की दिशा में बदलाव का संकेत देने के लिए प्रशंसा अर्जित की।

पीआईए प्रवक्ता के हवाले से डॉन अखबार ने खबर दी कि जेद्दा से इस्लामाबाद जा रही पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस की उड़ान, जिसमें शरीफ और उनकी बेटी मरियम सऊदी अरब की यात्रा से वापस आ रहे थे, को सोमवार को लाहौर हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया। जब पूछा गया कि क्या यह विशेष व्यवहार था, तो बीमार राष्ट्रीय ध्वज वाहक के प्रवक्ता ने कहा कि वीआईपी के साथ वाणिज्यिक यात्रियों की तरह व्यवहार किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि 393 यात्रियों को ले जा रही उड़ान PK842, जिसे सोमवार रात 10:30 बजे इस्लामाबाद में उतरना था, को यहां अल्लामा इकबाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया और रात 9:25 बजे उतरा। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और अन्य वीआईपी लाहौर में उतरे, जिससे इस्लामाबाद जाने वाले सैकड़ों अन्य यात्रियों को असुविधा हुई।

### अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधिमंडल कृषि व्यवसाय में अवसर तलाशने के लिए भारत का दौरा करेगा

**वाशिंगटन, (एजेंसी)।** अमेरिका का एक उच्च स्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल भारत के कृषि व्यवसाय क्षेत्र में विभिन्न अवसर तलाशने और भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग के बीच अमेरिकी उत्पादों को और प्रोत्साहित करने के लिए इस महीने के अंत तक भारत का दौरा करेगा। कृषि व्यापार और विदेशी कृषि मामलों के लिए उप मंत्री एलेक्सिस टेलर ने कहा, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में घरेलू खाद्य खरीद में बढ़ती हिस्सेदारी हासिल करने की कोशिश कर रहे अमेरिकी कृषि व्यवसायों के लिए भारत की विकासित अर्थव्यवस्था एक अच्छा अवसर है।

टेलर दिल्ली में 20 से 25 अप्रैल तक अमेरिकी कृषि विभाग (यूएसडीए) के कृषि व्यवसाय व्यापार मिशन का नेतृत्व करेंगे। टेलर ने कहा, भारत के मध्यवर्गीय उपभोक्ताओं की अमेरिकी खाद्य उत्पादों के प्रति बढ़ती जागरूकता और बढ़ती क्रय शक्ति अमेरिकी उत्पादकों के लिए एक अवसर है। भारत दौरे के दौरान अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल देश के साथ नए व्यापार संबंध बनाने, मौजूदा साझेदारी को मजबूत करने, बाजार में अमेरिकी उत्पादों का निरीक्षण करने और भारतीय बाजारों में नई खाद्य पसंद के बारे में जानने के लिए बैठकें करेंगे।

## ईद के दिन पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बस के खाई में गिरने से 17 तीर्थयात्रियों की मौत

**कराची, (एजेंसी)।** ईद के मौके पर पाकिस्तान से एक बुरी खबर सामने आयी है। पाकिस्तान के सिंध और बलूचिस्तान प्रांतों केएकसीमावर्ती शहर के पास तीर्थयात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई, जिससे कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 38 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। तीर्थयात्री बलूचिस्तान के खुजदार जिले में सुदूर मुस्लिम सूफी दरगाह शाह नूरानी जा रहे थे, तभी बुधवार को हब शहर में उनकी बस खाई में गिर गई। जिस जगह पर हादसा हुआ, वह कराची से करीब 100 किलोमीटर दूर है।



गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने घटना पर संवेदना व्यक्त की और कहा कि ऐसा लगता है कि चालक ने एक मोड़ पर नियंत्रण खो दिया जिससे बस खाई में जा गिरी। सभी यात्री सिंध प्रांत के थट्टा शहर के रहने वाले थे। नकवी ने कहा, वाहन बुधवार को दोपहर करीब दो बजे थट्टा से निकला और बुधवार रात करीब आठ बजे दुर्घटना का शिकार हो गया। हब में एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने कहा कि मृतकों और घायलों को कराची के सिविल अस्पताल ले जाया गया। शवों की पहचान की गई, जिनमें से कुछ एक ही परिवार के थे। खराब सड़कें, सुरक्षा जागरूकता की कमी और यातायात नियमों की घोर उपेक्षा अक्सर पाकिस्तान में घातक दुर्घटनाओं का कारण बनती है। यहां यह उल्लेख किया जाना चाहिए कि पाकिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम हैं और रोजाना कई लोगों की जान ले लेती हैं। खराब सड़कें, सुरक्षा जागरूकता की कमी और यातायात नियमों की घोर उपेक्षा अक्सर पाकिस्तान में घातक दुर्घटनाओं का कारण बनती है। फरवरी में, उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में एक तेज रफ्तार बस के खड्डु में गिर जाने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि तेज गति के कारण एक तीखे मोड़ पर चलते समय चालक ने नियंत्रण खो दिया और गहरी खाई में जा गिरा। पिछले साल दिसंबर में, बलूचिस्तान के खुजदार में शाह नूरानी दरगाह से कराची जा रही तीर्थयात्रियों की एक बस में आग लग गई, जिसमें कम से कम एक यात्री की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। तेज रफ्तार के कारण वाहन का इंजन गर्म होने और आग की लपटें उठने से यह हादसा हुआ।

## जिंदगी की कीमत पर शिक्षा, अमेरिका में भारतीयों को कौन मार रहा है, 4 महीने में चौंकाने वाले आंकड़े

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** अमेरिका में भारतीय छात्रों पर हमले और उनकी हत्या के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। हैदराबाद का छात्र क्लीवलैंड में मृत पाया गया है। ये घटना इस देश में भारतीय मूल के छात्रों की मौत की हाल में हुई कई घटनाओं के बीच सामने आयी है। नाचाराम का रहने वाला मोहम्मद अब्दुल अरफात पिछले साल मई में क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी से आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) में स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने अमेरिका आया था। बताया जाता है कि उसका अपहरण कर लिया गया था। छात्र के पिता की शिकायत पर सर्च ऑपरेशन भी चलाया गया था। लेकिन इसी बीच क्लीवलैंड में अरफात का शव मिला। न्यूयॉर्क स्थिति भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर छात्र की हत्या किए जाने की पुष्टि की है। इसके साथ ही जल्द छात्र के शव को भारत पहुंचाने की बात कही गई है। भारतीय छात्र अराफात की हत्या को लेकर कई अहम जानकारी सामने



आई है। जिसने अमेरिका में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों की चिंता बढ़ा दी है। अरफात पांच मार्च को रिजर्व स्क्वायर स्थित अपने घर से निकला लेकिन वापस नहीं लौटा। भारतीय दूतावास के मुताबिक अराफात को किसी ने अगवा कर लिया था। अमेरिका में अरफात के कमरे में उसके साथ रहने वाले व्यक्ति ने उसके पिता को सूचित किया था कि उसने क्लीवलैंड पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है लेकिन 19 मार्च को अरफात के परिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने दावा किया कि अरफात का कथित तौर पर मादक पदार्थ बेचने वाले एक गिरोह ने अपहरण कर लिया गया है और उसने उसे छोड़ने के लिए 1,200 अमेरिकी डॉलर की मांग की थी। उसके पिता सलीम ने कहा कि फोन करने वाले ने फिरौती न देने पर अरफात की किडनी बेचने की भी धमकी दी थी। अराफात की मौत के बाद 2024 में अमेरिका में भारतीय और भारतीय मूल के छात्रों की मौत की संख्या 11 हो गई है। जबकि हम इस वक्त चौथे महीने में ही हैं। भारतीयों में विदेश, विशेषकर अमेरिका में शिक्षा प्राप्त करने की चाहत है। यह अमेरिकी विश्वविद्यालयों के लिए भी वरदान बन गया है।

आजकल, भारतीय छात्र तेजी से अमेरिकी विश्वविद्यालयों में अध्ययन करना पसंद कर रहे हैं, जिससे अमेरिकी विश्वविद्यालयों में तेजी आ रही है। पिछले वर्ष की तुलना में शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए नामांकन में 35% की आश्चर्यजनक वृद्धि के साथ, अमेरिका में भारतीय छात्रों की संख्या आसमान छू गई है। ओपन डोर्स रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में भारतीय मूल के छात्रों की संख्या लगभग 275,000 है और यह कुल विदेशी छात्रों का 25% है और फीस और खर्च के रूप में प्रति वर्ष 9 बिलियन डॉलर आते हैं।

## टॉमहॉक, स्टैंडर्ड मिसाइल 6...

### ताइवान को ताकतवर बनाने में जुटा अमेरिका, भड़क उठा चीन



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** चीन ने कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका के बीच ऑक्स समझौते को ताइवान मुद्दे से जोड़ने की बिडेन प्रशासन की किसी भी योजना का दृढ़ता से विरोध करेगा, यह कहते हुए कि इससे परमाणु प्रसार का खतरा होगा और एशिया-प्रशांत में हथियारों की होड़ बढ़ जाएगी। किसी भी चीनी आक्रामकता को रोकने के लिए ऑक्स समझौते को ताइवान मुद्दे से जोड़ने का सुझाव देने वाली अमेरिकी उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल की हालिया टिप्पणियों के हवाले से रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया करते हुए, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने यहां एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि अमेरिकी अधिकारी की टिप्पणियां संघर्ष की आग को भड़काती हैं। और दुर्भावनापूर्ण इरादे वाले हैं। चीन इससे पूरी तरह असंतुष्ट है और इसका कड़ा विरोध करता है। उन्होंने कहा कि इससे परमाणु प्रसार का खतरा बढ़ जाता है और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में हथियारों की होड़ बढ़ जाती है, जिससे क्षेत्रीय शांति और स्थिरता कमजोर होती है। चीन ताइवान के स्वशासित द्वीप को अपना हिस्सा मानता है और इसकी मुख्य भूमि के साथ एकीकृत होने का वादा करता है। कैंपबेल को पिछले हफ्ते वाशिंगटन के सेंटर फॉर ए न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी थिंक टैंक में यह कहते हुए उद्धृत किया गया था कि अवडवर पनडुब्बी परियोजना ताइवान के खिलाफ किसी भी चीनी कदम को रोकने में मदद कर सकती है।

## भाजपा ने भदोही के मौजूदा सांसद का टिकट काटा, विनोद बिंद को उम्मीदवार बनाया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के भदोही के वर्तमान सांसद रमेश बिंद का टिकट काटकर उनके स्थान पर मिजार्पुर के मझवां से निषाद पार्टी के विधायक विनोद कुमार बिंद को अपना उम्मीदवार घोषित किया। पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की 11वीं सूची में यह घोषणा की गई। उत्तर प्रदेश में निषाद पार्टी का भाजपा के साथ गठबंधन है। साल 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में विनोद कुमार बिंद ने मझवां से निषाद पार्टी के टिकट पर जीत हासिल की थी।

## अपडेट न्यूज

### दिल्ली मेट्रो में बनाई थी युवतियों ने बनाई थी अश्लील रील्स, अब दिल्ली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी की दिल्ली मेट्रो में कई तरह की रील्स बनाकर लोग वायरल करते है। मगर होली से कुछ ही दिन पहले मेट्रो में दो युवतियों ने अश्लील तरीके से वीडियो बनाई गई थी जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थी। इस मामले में अब दिल्ली पुलिस ने दो युवतियों को गिरफ्तार किया है। इन युवतियों ने मेट्रो कोच में होली खेलने और वीडियो बनाए जाने का काम किया था। पुलिस अधिकारियों ने ये जानकारी दी है। पुलिस अधिकारियों की मानें तो दोनों ही युवतियों ने मेट्रो में अश्लील रील्स बनाई थी जिसके बाद नेताजी सुभाष प्लेस मेट्रो पुलिस स्टेशन में इनके खिलाफ आठ अप्रैल को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत मामला दर्ज हुआ था। युवतियों के खिलाफ धारा 294 (अश्लील हरकतें और गाने) और मेट्रो रेलवे (संचालन और रखरखाव) अधिनियम की धारा 59 के तहत मामला दर्ज हुआ है। पुलिस के मुताबिक ये मामला तब दर्ज हुआ जब दिल्ली मेट्रो रेल कॉपोरेशन ने पुलिस से उस वीडियो की गहन जांच करने को कहा गया था। इसमें बीते महीने ट्रेन में दो युवतियों का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वो एक दूसरे पर होली के रंग लगाती दिख रही थी।

इस अश्लील हरकत को लेकर दिल्ली पुलिस को ये पत्र लिखा गया था। पुलिस उपायुक्त के पी एस मल्होत्रा के अनुसार दिल्ली मेट्रो में अश्लील और गैरकानूनी गतिविधियों के संबंध में एक मेट्रो अधिकारी से शिकायत मिली थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि दो महिलाओं ने एक अश्लील वीडियो रिकॉर्ड किया और इसे सोशल मीडिया मंच पर प्रसारित किया। पुलिस उपायुक्त मल्होत्रा ने कहा,''जांच के दौरान नोएडा पुलिस से संपर्क किया गया और ग्रेटर नोएडा की रहने वाली दोनों महिलाओं का पता लगाया गया। दोनों ने 21 मार्च को चलती मेट्रो ट्रेन में वीडियो बनाने में अपनी भूमिका स्वीकार की।

### हार्दिक पंड्या का सौतेला भाई चार करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार

**मुंबई, (एजेंसी)।** मुंबई पुलिस ने क्रिकेटर हार्दिक पंड्या के सौतेले भाई को पॉलिमर कारोबार में उनके और उनके भाई क्रुणाल के साथ कथित तौर पर चार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने सोमवार को 37 वर्षीय वैभव पंड्या को आपराधिक विश्वासघात, आपराधिक धमकी, आपराधिक साजिश, जालसाजी और अन्य संबंधित धाराओं के आरोप में गिरफ्तार किया। अधिकारी ने कहा क्रिकेटर हार्दिक पंड्या और क्रुणाल पंड्या ने अपने सौतेले भाई के साथ मिलकर मुंबई में एक साझेदारी-आधारित इकाई की स्थापना कर 2021 में पॉलिमर व्यवसाय शुरू किया था। अधिकारी ने कहा साझेदारी की शर्तों के अनुसार हार्दिक पंड्या और कुणाल पंड्या ने 40. 40 प्रतिशत का निवेश किया, जबकि वैभव ने 20 प्रतिशत पूंजी का निवेश किया। यह निर्णय लिया गया कि वैभव व्यवसाय के दैनिक परिचालन को संभालेंगे और मुनाफा उसी अनुपात में वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा, इसके बाद वैभव ने हार्दिक पंड्या और क्रुणाल पंड्या को बताए बिना उसी व्यवसाय में काम करने वाली एक और इकाई स्थापित की और व्यवसाय शुरू कर दिया। इसके साथ ही उसने साझेदारी आधारित समझौते का उल्लंघन किया।

अधिकारी ने कहा कि नई इकाई के कारण साझेदारी वाली इकाई का मुनाफा कम हो गया जिससे लगभग तीन करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इस दौरान उसने (वैभव) अपना मुनाफा 20 से 33 फीसदी तक बढ़ा लिया जिससे हार्दिक पंड्या और क्रुणाल पंड्या को नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि वैभव ने साझेदारी खाते से लगभग एक करोड़ की धनराशि भी अपने खाते में स्थानांतरित कर ली। उन्होंने कहा कि जब क्रिकेटर बंधुओं ने इस संबंध में वैभव से सवाल जवाब किया तो उसने कथित तौर पर उनकी (हार्दिक पंड्या और क्रुणाल पंड्या) प्रतिष्ठा खराब करने की धमकी दी। क्रिकेटर के अकाउंटेंट ने सोमवार को खार पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया और इसे ईओडब्ल्यू को स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि अपराध में वैभव पंड्या की संलिप्तता सामने के बाद ईओडब्ल्यू अधिकारियों ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि उसे एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे शुक्रवार तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### बीजेपी बनाम कांग्रेस, दक्षिण गोवा निर्वाचन क्षेत्र से किसकी होगी जीत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दक्षिण गोवा निर्वाचन क्षेत्र, छत्तीसगढ़ लोकसभा चुनाव 2024: दक्षिण गोवा गोवा के दो लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में से एक है। तय कार्यक्रम के मुताबिक, गोवा की दो लोकसभा सीटों के लिए 7 मई को सिर्फ एक चरण में मतदान होगा। तटीय राज्य में दो लोकसभा क्षेत्र हैं: उत्तरी गोवा और दक्षिणी गोवा। 2019 के आम चुनावों में, उत्तरी गोवा सीट पर भाजपा उम्मीदवार श्रीपाद येसो नाइक ने जीत हासिल की, जबकि दक्षिण गोवा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार कॉस्मे फ्रांसिस्को कैटानो सरदिन्हा ने जीत हासिल की। 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए मतदान सात चरणों में होगा, जो 19 अप्रैल से शुरू होकर 1 जून को समाप्त होगा। परिणाम 4 जून को घोषित किए जाएंगे। भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, आखिरी नामांकन दाखिल करने की तारीख 19 अप्रैल है।

नामांकन की जांच 20 अप्रैल तक होगी। उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 22 अप्रैल है। 2024 दक्षिण लोकसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले प्रमुख उम्मीदवारों में भारतीय जनता पार्टी से पल्लवी श्रीनिवास डेम्पो शामिल हैं।

### शुक्रवार रात को नहीं करवा सकेंगे रिजर्वेशन, जाने क्या है इसका कारण

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दिल्ली और आसपास के राज्यों से अगर शुक्रवार की रात को रिजर्वेशन कराने की सोच रहे हैं तो आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। दिल्ली और आसपास के राज्यों से निकलने वाली ट्रेनों से रिजर्वेशन शुक्रवार रात से शनिवार की सुबह तक बंद रहने वाला है। इस दौरान दिल्ली पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम की सभी सर्विस बंद की जाएगी। हालांकि रेलवे ने यात्रियों को होने वाले इस सुविधा को देखते हुए बयान जारी कर कहा है कि जब यह सर्विस बंद होगी उसे समय बहुत कम लोगों को और सुविधा का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान काफी कम लोग इस सर्विस का उपयोग करते हैं। देश में पांच शहरों से पीआरएस को ऑपरेट किया जाता है जिसमें दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, चेन्नई और गुवाहाटी शामिल है। इसी बीच शुक्रवार की रात को दिल्ली पीआरएस सिस्टम बंद रहेगा। दिल्ली पीआरएस से संचालित होने वाली ट्रेनों में रिजर्वेशन, ईडीआर सर्विस, चार्टिंग, कैंसिलेशन, इंक्वायरी, इंटरनेट बुकिंग समेत सभी सेवाएं बंद रहेंगी । इस दौरान बंद होगी सर्विसः शुक्रवार रात यानी 12 अप्रैल की मध्य रात्रि 11.45 बजे से 13 अप्रैल सुबह 4.05 बजे तक रिजर्वेशन करवाने की सुविधा नहीं होगी।

## कोटा में चुनाव यात्रा के दौरान हमने जानी जनता के मन की बात, आप भी समझिए जमीनी हालत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** राजस्थान के कोटा शहर में प्रभासाक्षी की चुनाव यात्रा के दौरान जब हमने जनता के मन की बात जानी और पूछा कि आप भाजपा उम्मीदवार ओम बिरला को क्यों वोट दोगे तो लोगों ने कहा कि क्यों नहीं देंगे भाई। कोटा बूंदी का कोई ऐसा गरीब गुरबा नहीं जिसका ख्याल ओम बिरला को नहीं रहता हो। लोगों ने बताया कि कोरोना काल में दवा, राशन, कपड़े, जूते और चप्पल से लेकर बीमारी में दिल्ली तक इलाज कराने तक के लिए वो हमेशा तत्पर रहते थे। लोगों ने कहा कि हाडौती के नेताओं से मिलना मुश्किल हो जाता है। ओम बिरला देश के इतने बड़े पद पर पहुंच गए, लेकिन जनता के बीच जाना नहीं छोड़ा। पूरा ऑफिस खोल रखा है। 24 घंटे में कभी भी किसी को कोई परेशानी हो तो बिरला जी के ऑफिस पहुंच जाओ तुरंत मदद मिलती है।

ओम बिरला से संबंधित सवाल पर स्थानीय लोगों ने कहा कि देखो भाई जीतेगा तो ओम बिरला ही। चाहे कोई कितना भी दम लगा ले। एक व्यक्ति ने कहा कि अरे ओम बिरला को वोट देने की कोई एक वजह हो तो बताऊं। उन जैसा सहज और सरल व्यक्ति नहीं मिलेगा कोटा वालों को। अबकी बार चार सौ पार। मोदी की ही बनेगी सरकार।



जब हमने यह जानना चाहा कि क्या मोदी जी ही फिर पीएम बनेंगे? तो लोगों ने कहा कि क्यों नहीं बनेंगे भाई। भगवान हैं वो आदमी इस देश के लिए। दस साल में उसने जो कर दिखाया कोई नहीं कर सकता। मंदिर बनवा दिया। कभी सोचा था भगवान राम का अयोध्या में मंदिर बनेगा। नहीं सोचा था ना, बनवा दिया ना और क्या चाहिए। एक व्यक्ति ने कहा कि कश्मीर कहने के लिए देश का हिस्सा था, लेकिन कौन माई का लाल था जो दस साल पहले वहां गर्मियों की छुट्टी बिताने जा सकता था। अब देखो लोग यूरोप छोड़ कश्मीर जा रहे हैं। किसकी वजह से हुआ यह सब। मोदी ही तो है। जिसने यह मुमकिन करके दिखाया। उन्होंने कहा कि घूमना तो छोड़ो अब जमीन भी खरीद सकते हैं कश्मीर में। धारा 370 नहीं हटती तो कैसे जाते कश्मीर। एक देश एक झंडा और एक संविधान कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक मोदी ने ही मुमकिन बनाया। महिलाओं से जब हमने बात की तो उन्होंने कहा कि महिलाओं को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता था। मोदी से पहले किसने सोचा कि शौचालय बनवाए जाएं। गरीब महिलाओं को पक्के घर का मालिक बनाएं। गरीब को गैस, पानी बिजली मुफ्त दें। इलाज, अन्न मुफ्त दे और तो और घर पर ही रहकर काम करने का मौका भी मोदी ही दे रहा है। एक व्यक्ति अपने अंदाज में बोला कि आप के सोचो हो कि सत्ता में आएगा वो पप्पू। मशीन में आलू डालकर सोना बनाने वाले पर जितने जोक्स बने हैं उतने तो किसी पर नहीं बने। देश चलाने के लिए आदमी को गंभीर होना पड़ता है। काम करना पड़ता है। चीजें देखनी और समझी पड़ती हैं। ये तो मोदी ही कर सकता है।

## हम सीएए, एनआरसी और समान नागरिक संहिता को स्वीकार नहीं करेंगे : ममता बनर्जी

**कोलकाता, (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह राज्य में संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए), राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और समान नागरिक संहिता लागू नहीं होने देंगी। मुख्यमंत्री ने ईद-उल-फितर के अवसर पर यहां 'रेड रोड' में एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि कुछ लोग चुनाव के दौरान 'दंगा कराने' की कोशिश करेंगे। साथ ही उन्होंने लोगों से 'साजिश का शिकार नहीं होने' का आग्रह किया। ईद का पर्व रमजान के महीने की समाप्ति पर मनाया जाता है।



बनर्जी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ''हम संशोधित नागरिकता अधिनियम, राष्ट्रीय नागरिक पंजी और समान नागरिक संहिता को स्वीकार नहीं करेंगे। मुझे लोगों से घृणा करनी नहीं आती। मैं नफरत फैलाने वाले भाषण नहीं देती। मैं चाहती हूं कि सभी शांति और सौहार्द के साथ भाइयों की तरह रहें। अगर हम एकजुट होकर रहेंगे तो कोई हमें नुकसान नहीं पहुंचा सकता। किसी को भी इस एकता को तोड़ने नहीं दीजिएगा।'' बनर्जी ने कहा,'' जब तक मैं जिंदा हूं आपको कोई भी नुकसान नहीं पहुंचा सकता। मैं उनका मुकाबला करती रहूंगी....।'' उन्होंने कहा,''..कुछ लोग धर्म के नाम पर दंगा फैलाने की कोशिश करेंगे। आप शांति बनाए रखिएगा और हम उन्हें दंगा फैलाने में कामयाब नहीं होने देंगे।'' बनर्जी ने प्रत्यक्ष तौर पर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव नजदीक आने के साथ लोगों, मुख्य रूप से विपक्षी नेताओं को डराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का 'इस्तेमाल' किया जा रहा है। उन्होंने कहा,'' कुछ लोग चाहते हैं कि इस चुनाव के दौरान एजेंसियों के नाम पर लोगों को डराया जाए। उनके पीछे केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो,प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग आदि को लगा दो। मैं उनसे (भाजपा) कहूंगी कि वे जेल बनाएं और सभी को सलाखों के पीछे डाल दें। लेकिन क्या आप 130 करोड़ की पूरी आबादी को जेल में डाल पाएंगे? मैं देश के लिए रक्त बहाने को तैयार हूं, लेकिन यह अत्याचार जारी रहे, इसके लिए तैयार नहीं हूं।'' बनर्जी ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि इस समय जब चुनाव नजदीक हैं तो देश के कुछ मुसलमान नेताओं को फोन करके उन्हें लुभाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा,'' आज इस चुनाव के समय में आप कुछ मुस्लिम लोगों को चुन रहे हैं और उनसे पूछ रहे हैं कि वे क्या चाहते हैं... मैं आपको बताती हूं कि उन्हें कुछ नहीं चाहिए।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस की लड़ाई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से है। तृणमूल प्रमुख ने कहा, ''हम विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') के संबंध में बाद में निर्णय लेंगे। लेकिन बंगाल में इस बात का ख्याल रखिएगा कि एक भी वोट किसी दूसरी पार्टी को नहीं जाए।'' ममता बनर्जी के साथ पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी भी मौजूद थे।

## मराठा आरक्षण का सही मायनों में समर्थन करने वाले नेताओं का ही साथ देंगे : मनोज जरांगे



**लातूर, (एजेंसी)।** मराठा आरक्षण समर्थक कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने राज्य सरकार पर आरक्षण को लेकर समुदाय के साथ धोखाधड़ी का आरोप लगाया और ऐलान किया कि समुदाय के सदस्यों का सही मायने में समर्थन करने वाले नेताओं का ही साथ दिया जाएगा। जरांगे ने बुधवार को लातूर जिले के उदगीर में सकल मराठा समाज के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी नौकरियों और शिक्षा में मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयक कानूनी कसौटी पर खरा नहीं उतरेगा।

उन्होंने उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर भी आरोप लगाया कि वह किसी भी तरह मराठा आंदोलन को कुचलना चाहते हैं। जरांगे ने कहा, ''सरकार ने मराठा लोगों को धोखा दिया है। उसने मराठा आरक्षण विधेयक पारित कर दिया जिसकी हमने कभी मांग नहीं की थी। मैं जानता हूं कि यह विधेयक कानूनी तौर पर कायम नहीं रह पाएगा। हम ओबीसी श्रेणी के तहत ही आरक्षण चाहते हैं।'' लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से 20 मई के बीच पांच चरणों में होंगे और इनमें कुछ दिन ही बचे हैं। ऐसे में जरांगे ने कहा कि समुदाय उन नेताओं का समर्थन करेगा जो वास्तव में मराठाओं के लिए आरक्षण का समर्थन करते हैं।

## भाजपा ने की वायनाड में सुल्तान बाथेरी का नाम बदलकर गणपतिवट्टोम करने की मांग



**कोझिकोड, (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को कहा कि वायनाड लोकसभा क्षेत्र में आने वाले सुल्तान बाथेरी शहर का नाम बदला जाना चाहिए क्योंकि दो दशक पहले केरल के मालाबार में मैसूर के पूर्व शासक टीपू सुल्तान के आक्रमण से पहले इसका नाम गणपतिवट्टोम था। सुल्तान बाथेरी शहर वायनाड लोकसभा क्षेत्र में आता है और इसका नाम टीपू सुल्तान के नाम पर पड़ा है। यह मुद्दा भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के सुरेंद्रन ने उठाया। सुरेंद्रन का वायनाड लोकसभा सीट पर मौजूदा सांसद और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ चुनावी मुकाबला है। इस सीट से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की नेता और सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) की उम्मीदवार एनी राजा भी चुनाव मैदान में हैं। भाजपा नेता ने यहां के निकट थमरस्सेरी में संवाददाताओं से कहा,'' सुल्तान बाथेरी का असली नाम गणपतिवट्टोम है। इसलिए नाम बदला जाना जरूरी है।'' भाजपा नेता ने अपने चुनाव अभियान के दौरान टीपू सुल्तान के मालाबार पर आक्रमण का जिक्र किया और आरोप लगाया कि कांग्रेस और एलडीएफ इसे सुल्तान बाथेरी के रूप में ही संदर्भित करना पसंद करते हैं। सुरेंद्रन ने कहा,''केरल में किसी जगह का नाम आक्रमणकारी के नाम पर क्यों रखा जाना चाहिए?'' केरल के पर्यटन विभाग का कहना है कि सुल्तान बाथेरी को पहले गणपतिवट्टोम के नाम से जाना जाता था।

### डंपर ने दो मोटरसाइकिलों को मारी टक्कर, पांच लोगों की मौत

**उत्तर प्रदेश, (एजेंसी)।** पीलीभीत-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर बृहस्पतिवार को एक तेज रफ्तार डंपर ने दो मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई। ये सभी लोग ईद मिलन के लिए अपने दोस्तों के घरजा रहे थे। जहानाबाद थाने के प्रभारी(एसएचओ) मुकेश कुमार शुक्ला ने यह जानकारी देते हुए बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दुर्घटना के बाद डंपर का चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना उस समय घटी जब निसरा और बारात भोज गांव के पास तेज रफ्तार डंपर ने दो मोटरसाइकिलों पर सवार पांच लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। एक मोटरसाइकिल पर उवैश (32) और उसकी पत्नी सकरा बेगम (30) सवार थी। शुक्ला ने बताया कि वहीं दूसरी मोटरसाइकिल पर आकिब (21), शाहिब (25) और अरबाज (26) सवार थे। ये तीनों दोस्त थे। यह दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दोनों मोटरसाइकिलों के परखच्चे उड़ गए और सभी शव क्षत विक्षत स्थिति में सड़क पर इधर उधर पड़े थे। पुलिस के अनुसार ईद की नमाज पढ़ने के बाद ये सभी लोग ईद मिलन के लिए अपने दोस्तों के घर जा रहे थे।

## राज ठाकरे के पीएम मोदी को समर्थन देने के विरोध में मनसे नेताओं ने पार्टी छोड़ी

**मुंबई, (एजेंसी)।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कई पदाधिकारियों ने मनसे प्रमुख राज ठाकरे के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य में भाजपा नीत महायुति गठबंधन को समर्थन देने के विरोध में पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। मनसे छोड़ने वालों में शामिल पार्टी महासचिव कीर्ति कुमार शिंदे ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर अपने फैसले की जानकारी दी। बुधवार को सोशल मीडिया मंच पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि मनसे प्रमुख ठाकरे ने 2019 में प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के खिलाफ रुख अपनाया था।



उन्होंने पोस्ट में लिखा कि आज पांच साल बाद राज साहेब ने देश के इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण क्षण में अपनी राजनीतिक भूमिका बदल ली है। राजनीतिक विश्लेषक बताएंगे कि वह कितने गलत हैं और कितने सही। उन्होंने पोस्ट में कहा, इनदिनों नेता जब चाहें, जो चाहें राजनीतिक भूमिका निभा सकते हैं। लेकिन लड़ाके (पार्टी कार्यकताओं का संदर्भ) जो उनके विचारों पर भरोसा करते हैं, कुचल दिये जाते हैं। इसका क्या? राज ठाकरे ने मंगलवार को गुडी पड़वा (परंपरागत महाराष्ट्र नव वर्ष) पर अपनी पार्टी की वार्षिक रैली में प्रधानमंत्री मोदी और महायुति गठबंधन को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की।

महायुति गठबंधन मेंभाजपा, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल है। ठाकरे के रुख का उल्लेख करते हुए मिहिर दावते और मुंबई के बाहरी इलाके डोंबिवली में मनसे की छात्र शाखा के पदाधिकारियों ने भी पार्टी छोड़ दी। दावते ने कहा कि ठाकरे द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को समर्थन देने की घोषणा के बाद उन्होंने विरोध स्वरूप पार्टी छोड़ी है। उन्होंने कहा हमने देखा कि राज साहेब के बदलते रुख का सामना करना मुश्किल है।...इसलिए अलग होना ही बेहतर है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं का एक वर्ग चुप है लेकिन ठाकरे के फैसले से खुश नहीं है। राज ठाकरे का यह फैसला पिछले महीने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ उनकी मुलाकात के बाद सामने आया है। महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल से 20 मई के बीच पांच चरणों में मतदान होगा और मतगणना चार जून को होगी।

# 'जेल में होंगे पीएम मोदी'

## मीसा के बयान पर सियासी भूचाल, लालू परिवार पर भाजपा हमलावर

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** चुनावी समर में सियासत जबरदस्त तरीके से तेज होते दिखाई दे रही है। ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग को लेकर विपक्ष केंद्र की मोदी सरकार पर हमलावर है। तो दूसरी ओर भाजपा का साफ तौर पर कहना है कि जो भी भ्रष्टाचार करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। इतना ही नहीं, बीजेपी परिवारवाद की राजनीति को बढ़ावा देने वाली पार्टियों पर भी निशाना साध रही है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परिवारवाद की राजनीति करने वाले नेताओं पर हमलावर रहते हैं। इन सबके बीच लालू यादव की बड़ी बेटी और पाटलिपुत्र से चुनाव लड़ रही मीसा भारती के एक बयान को लेकर अब विवाद शुरू हो गया है। मीसा भारती ने कुछ ऐसा बोल दिया है जिसके बाद भाजपा लालू परिवार पर हमलावर हो गई है।



मीसा भारती ने हाल ही में कहा कि अगर विपक्ष के नेतृत्व वाला इंडिया गठबंधन सत्ता में आता है, तो प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी सहित सभी भाजपा नेताओं को जेल में डाल दिया जाएगा। अपने बयान में उन्होंने कहा कि हम 30 लाख नौकरियां पैदा करने, किसानों की आय दोगुनी करने और एमएसपी लागू करने की बात कर रहे हैं। वह (पीएम मोदी) इसे तुष्टीकरण के रूप में देख रहे हैं? मोदी पर निशाना साधते हुए मीसा ने कहा कि वह जब भी बिहार में होते हैं तो हमेशा हमारे परिवार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं। अगर देश की जनता ने इंडिया गठबंधन को केंद्र सरकार में आने का मौका दिया तो पीएम मोदी से लेकर सभी बीजेपी नेता सलाखों के पीछे होंगे। राजद नेता मीसा भारती की टिप्पणी पर बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने पलटवार करते हुए कहा कि मीसा भारती को क्या हो गया है?...जिस महिला के पिता को चारा घोटाले में दोषी ठहराया गया है...मैं उन्हें चेतावनी देता हूं कि ऐसे बयान न दें...आपका परिवार भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है...आपको दिवास्वप्न देखना बंद करना होगा। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि उन्होंने कहा कि जब हम सत्ता में आएंगे तो सबसे पहले उनसे पूछा जाना चाहिए कि वे क्या सोचते हैं? उनका (राजद) चारा घोटाला जैसा घोटाला है। उन्होंने कागज के टुकड़े पर सड़क बना दी और उसे जमीन पर कभी लागू नहीं किया। महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि विपक्ष के प्रचार का स्तर इतना नीचे गिर गया है कि वे "मोदी जी मरेगा" की बात कर रहे हैं। लालू जी की बेटी और राजद की मीसा जी ने कहा है कि मोदी जी को जेल में डाला जाएगा। देश सुनना चाहता है कि भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा जायेगा या नहीं।

विपक्ष का अभियान इस स्तर पर है कि कोई नेताओं को जेल भेजने की बात कर रहा है तो कोई मौत की बात कर रहा है। देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि पहले उन्हें (मीसा भारती) अपने और अपने परिवार के बारे में सोचना चाहिए. ये लोग कई तरह के घोटालों और भ्रष्टाचारों में फंसे हुए हैं. ये वो आरोप नहीं हैं जो हमने लगाए हैं, कोर्ट ने उन्हें सजा दी है. उन्हें ऐसी बातें कहकर लोकतंत्र और न्यायपालिका का मजाक उड़ाना बंद करना चाहिए।' इसमें कोई दो राय नहीं है कि लालू परिवार पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे हैं। खुद मीसा भारती को लेकर भी कोर्ट में मामला चल रहा है। ऐसे में उनकी ओर से अगर इस तरीके का बयान आया है तो जाहिर सी बात है कि कहीं ना कहीं राजनीति जबरदस्त तरीके से होने वाली है।

## इंदौर में ईद की अनूठी रिवायत : शहर काजी को बग्घी से ईदगाह ले जाता है हिंदू परिवार



**इंदौर (मध्यप्रदेश), (एजेंसी)।** इंदौर में ईद-उल-फितर पर सांप्रदायिक सद्भाव की 50 साल पुरानी परंपरा बृहस्पतिवार को निभाई गई। इस अनूठी रिवायत के तहत एक हिंदू परिवार शहर काजी को पूरे सम्मान के साथ घोड़े द्वारा खींची जाने वाली बग्घी पर बैठाकर मुख्य ईदगाह ले गया जहां त्योहारी उल्लास के बीच बड़ी तादाद में लोगों ने नमाज पढ़ी।

इस अनूठी रिवायत का गवाह बनने वाले लोगों ने बताया कि सत्यनारायण सलवाड़िया, शहर काजी मोहम्मद इशरत अली को उनके राजमोहल्ला स्थित घर से बग्घी पर बैठाकर सदर बाजार में मुख्य ईदगाह ले गए और सामूहिक नमाज के बाद उन्हें वापस उनके घर छोड़ा। सलवाड़िया ने पीटीआई- को बताया कि उनके पिता रामचंद्र सलवाड़िया ने ईद की यह रिवायत उनके जीते जी निभाई और वर्ष 2017 में पिता के निधन के बाद वह इस परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरे बाद मेरी संतानें भी इस परंपरा को निभाती रहेंगी ताकि हिंदुओं और मुस्लिमों में एकता और भाईचारा बना रहे और वे मिल-जुलकर एक-दूसरे के साथ त्योहार मनाते रहें। शहर काजी मोहम्मद इशरत अली ने कहा कि ईद की यह रिवायत गंगा-जमुनी तहजीब की अनोखी मिसाल है।